संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -92 शुक्रवार, 02 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश की अंतरिम बजट

## पीएम आवास के तहत मिलेंगे 2 करोड़ घर,आयुष्मान योजना का भी बढ़ाया दायरा

**नई दिल्ली,01 फरवरी 2024 (ए)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश कीं। उन्होंने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका वश्विास है और इसके अनुरूप सरकार काम कर रही है। सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में यह छठा बजट है। वित्त मंत्री ने कहा कि सामाजिक कल्याण के लिए सरकार ने सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी नीति और कार्यक्रम लागू किए। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के तहत जनधन खातों के जरिये 34 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इससे 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई, जिससे कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे की व्यवस्था हो पाई। वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ घर मुहैया कराए गए, दो करोड़ नए घर भी परिवारों को दिए जाएंगे।

### इनकम टैक्स:स्लैब में कोई बदलाव नहीं

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87ए के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है।
नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह 3 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री है। इसमें 87ए के तहत सैलरीड पर्सन ₹7.5 लाख रुपए तक और बाकी ₹7 लाख तक की कमाई पर छूट ले सकते हैं।

### महिला:3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट

महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा।
सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

### किसान: फसलों की एमएसपी का दायरा नहीं बढ़ा

फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्‍मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है।
सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को ₹1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2 प्रतिशत ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में ₹1.25 लाख करोड़ मिले थे।

### शिक्षा:रोजगार 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि ₹1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।



### सीतारमण के बजट की खास बातें...

- स्किल इंडिया मिशन में 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया गया। 3000 नई आईटीआई बनाई गई। हम सबका साथ, सबका विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा काम में सेक्युरलिज्म रखने और गरीब को एम्पॉवर्ड करने पर जोर है।
- हमारी सरकार का उद्देश्य सामाजिक न्याय कायम करना है। सरकार सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास के लिए काम कर रही है।
- पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ मूल्य के 43 करोड़ लोन मंजूर किए गए। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता दी गई।
- सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। गरीब कल्याण योजना में ₹ 34 लाख करोड़ खातों में भेजे।



### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले-सिर्फ काम चलाने का बजट,किसी के लिए कुछ नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में मोदी सरकार का दूसरा अंतरिम बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान सरकार की दस साल की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कई एलान किए। पेश किए गए बजट पर विपक्षी नेताओं ने इसे चुनावी लुभावने वाला बजट बताया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरिम बजट पर कहा कि इस बजट में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा,मैंने बजट को ध्यान से सुना, इस बजट में गरीबों, निम्न मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए कुछ भी नहीं बताया गया। सिर्फ काम चलाने के लिए यह बजट है।

### डिफेंस पिछले साल के मुकाबले 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल ₹0.27 लाख करोड़ यानी 3.4त्न ज्यादा है।
हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8 प्रतिशत मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी, ताकि देश हथियारों के लिए आत्मनिर्भर बने।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर : मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा।
कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी, ताकि नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटे।
वित्त मंत्री ने प्रतिशत-20 समिट के दौरान घोषित इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर को भारत और दुनिया के लिए गेमचेंजर बताया। हालांकि इसकी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहा।

### सरकार की कमाई और खर्च का हिसाब

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 2024-25 में सरकार की कमाई ₹30.80 लाख करोड़ (उधारी छोड़कर) और खर्च ₹47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।
वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में सरकार को टैक्स कलेक्शन से कुल ₹26.02 लाख करोड़ मिलने का अनुमान है।

### मोदी बोले- ये बजट युवा,गरीब, महिला और किसान पर केंद्रित



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ये बजट विकसित भारत के युवा, गरीब,महिला और किसान पर आधारित है। ये देश के निर्माण का बजट है। इसमें 2047 के भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। मैं निर्मला जी और उनकी टीम को बहुत बधाई देता हूं। इसमें भारत की यंग एस्पिरेशन का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, अब हमने 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है। पहले हमने 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को एम्पॉवर करने पर जोर दिया गया है।

### हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखा

वित्त मंत्री ने कहा, हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखा है। दरअसल, अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं नहीं की जाती हैं। यही वजह है कि सरकार ने किसी तरह की घोषणाएं करने से परहेज किया है।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, 10 साल में इनकम टैक्स कलेक्शन तीन गुना बढ़ गया है। मैंने टैक्स रेट में कटौती की है। 7 लाख की आय वालों को कोई कर देय नहीं है। 2025-2026 तक घाटा को और कम करेंगे। राजकोषीय घाटा 5.1 प्रशित रहने का अनुमान है। 44.90 लाख करोड़ रुपए का खर्च है और 30 लाख करोड़ का रेवेन्यू आने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा, अटल जी ने कहा था- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान। अब मोदी जी ने कहा- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान। नए दौर की टेक्नोलॉजी और डेटा लोगों के जीवन और व्यापार में बदलाव ला रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए नई योजना लाई गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में विकास के लिए सरकार ने 11.1 प्रतिशत ज्यादा खर्च का प्रावधान किया है।
उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जुलाई में पूर्ण बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप पेश करेगी।

### गृह मंत्रालय को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित दिल्ली पुलिस को 11177.50 करोड़ रुपये का आवंटन

अंतरिम बजट 2024-25 में गृह मंत्रालय को 202868.70 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं। पुलिस को 132345.47 करोड़ रुपये दिए गए। इसके तहत 37277.74 करोड़ रुपये जम्मू-कश्मीर को मिला, जो 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।
लद्दाख को 5958 करोड़ रुपये, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को 5866.37 करोड़ रुपये, चंडीगढ़ को 5862.62 करोड़ रुपये, पुडुचेरी को 3269.00 करोड़ रुपये, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को 2648.97 करोड़ रुपये,लक्षद्वीप को 1490.10 करोड़ रुपये और दिल्ली को 1168.01 रुपये आवंटित किए गए हैं।
खुफिया ब्यूरो (आइबी) को 3195.09 करोड़ रुपये (2023-24 में 3268.94 करोड़ रुपये), दिल्ली पुलिस को 11177.50 करोड़ रुपये (2023-24 में 11940.33 करोड़ रुपये), स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) को 506.32 करोड़ रुपये (2023-24 में 446.83 करोड़ रुपये) आवंटित किए गए हैं।

#### विशेष बुनियादी ढांचा योजना के लिए 3199.62 करोड़ रुपये

बजट में सुरक्षा संबंधी व्यय और वामपंथी उग्रवादी क्षेत्रों के लिए विशेष बुनियादी ढांचा योजना के लिए 3199.62 करोड़ रुपये, सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिए 335.00 करोड़ रुपये, सुरक्षित शहर परियोजनाओं के लिए 214.44 करोड़ रुपये और भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के लिए 330.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

#### अर्धसैनिक बलों को मिला बजटअर्धसैनिक बल- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)

अंतरिम बजट 2024-25 - 32809.65 करोड़ रुपये, (2023-24 में 31389.04 करोड़ रुपये)
अर्धसैनिक बल- सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अंतरिम बजट 2024-25 - 25027.52 करोड़ रुपये (2023-24 में 25038.68 करोड़ रुपये)

#### अर्धसैनिक बल- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ)

अंतरिम बजट 2024-25 - 13655.84 करोड़ रुपये (2023-24 में 12929.85 करोड़ रुपये)

#### अर्धसैनिक बल- भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी)

अंतरिम बजट 2024-25 - 8253.53 करोड़ रुपये (2023-24 में 8203.68 करोड़ रुपये)

#### अर्धसैनिक बल- सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)

अंतरिम बजट 2024-25 - 8485.77 करोड़ रुपये (2023-24 में 8435.68 करोड़ रुपये)

### सीतारमण ने कहा-हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, हर घर जल, सभी के बिजली, गैस, वित्तीय सेवाएं और बैंक अकाउंट खोलने के लिए काम किया है7 खाद्यान्न की चिंताओं को दूर किया है। 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ी है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया है। विित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण पढ़ना शुरू कर दिया है। निर्मला ने कहा, देश की जनता भविष्य की तरफ देख रहे हैं। वे आशान्वित हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब बहुत ज्यादा चुनौतियां थीं। जनता के हित में काम शुरू किए हैं। जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। देश में नया उद्देश्य और उम्मीद जगी है। जनता ने हमें दूसरी बार सरकार में चुना। हमने व्यापक विकास की बात की। सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े।

### बजट में महिलाओं-बच्चों पर ध्यान,मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना

निर्मला ने बताया, हमारी सरकार सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन पर ध्यान देगी। मातृ और शिशु देखरेख की योजनाओं को व्यापक कार्यक्रम के अंतर्गत लाया गया। 9-14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर ध्यान दिया जाएगा।सरकार मिडिल क्लास के लिए आवास योजना लाएगी। अगले 5 साल में 2 करोड़ घर बनाए जाएंगे। पीएम आवास के तहत 3 करोड़ घर बनाए गए हैं।- हर घर जल योजना से पानी पहुंचाया जा रहा है। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है। 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है।

# महिला पुलिसकर्मी से मारपीट के आरोपित विधायक को गिरफ्तारी से राहत

- » सुप्रीम कोर्ट ने उड़ीसा सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- » शीर्ष न्यायालय ने उड़ीसा सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में मांगा जवाब
- » महिला पुलिसकर्मी ने कहा, विधायक ने रिश्वत का आरोप लगाते हुए धक्का दिया



**नई दिल्ली,01 फरवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए उससे मारपीट करने के मामले में ओडिशा के नेता प्रतिपक्ष जयनारायण मिश्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है। जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने ओडिशा सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

#### पीठ ने क्या कहा?

पीठ ने कहा कि इस दौरान याचिकाकर्ता को उपरोक्त मामले के संबंध में गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। मिश्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक हैं और उड़ीसा विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पिछले लगभग एक साल के दौरान अपने सामान्य कर्तव्यों का पालन किया है और पिछले साल 15 फरवरी की घटना के संबंध में पुलिस को कभी भी उन्हें समन करने का कोई मौका नहीं मिला।
उन्होंने कहा कि उड़ीसा हाई कोर्ट को याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप और उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर जमानत पर विचार करना चाहिए था क्योंकि हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं थी।
एचसी के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर एचसी कोर्ट कर रही थी सुनवाई
सुप्रीम कोर्ट उड़ीसा हाईकोर्ट के 23 नवंबर 2023 के आदेश के खिलाफ मिश्रा द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने मामले में अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

#### भाजपा विधायक ने क्या किया दावा?

भाजपा विधायक ने आरोप को खारिज करते हुए दावा किया था कि धनुपाली की थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता प्रधान ने उन्हें धक्का दिया था। वहीं, महिला पुलिसकर्मी का आरोप है कि विधायक ने मुझ पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और मुझे डकैत कहा। जब मैंने पूछा कि वह ऐसे आरोप क्यों लगा रहे हैं तो उन्होंने मुझे धक्का दे दिया।

## डीआरडीओ ने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को कक्षा में सफलतापूर्वक किया लॉन्च



**नई दिल्ली,01 फरवरी 2024 (ए)।** रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि डीआरडीओ ने पीएसएलवी सी-58 द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा की कार्यक्षमता में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित एक ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। मंत्रालय ने कहा कि ऊंचाई नियंत्रण और सूक्ष्म उपग्रहों को कक्षा में बनाए रखने के लिए 1एन क्लास ग्रीन मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर की इस परियोजना को मंजूरी दी गई है जिसे बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (विकास एजेंसी) ने विकसित किया है।
इसमें कहा गया है कि इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) से टेलीमेट्री डेटा को जमीनी स्तर के समाधान के साथ वैलिडेट किया गया है और यह सभी प्रदर्शन मापदंडों से अधिक पाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस नवोन्मेषी तकनीक के परिणामस्वरूप कम कक्षा वाले स्थान के लिए एक नॉन-टॉक्सिक और पर्यावरण-अनुकूल प्रणोदन प्रणाली तैयार हुई है।

## यूडीएफने कहा-दुष्कर्म-हत्या के आरोपित को बचाने की हो रही कोशिश



**तिरुवनंतपुरम,01 फरवरी 2024(ए)।** केरल विधानसभा में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने वाम सरकार पर वंदीपेरियार दुष्कर्म-हत्या मामले के आरोपित को जानबूझकर बचाने का आरोप लगाया है। यही कारण है कि आरोपियों को ट्रायल कोर्ट से बरी कर दिया गया।

#### कामकाज को निलंबित करने का प्रस्ताव खारिज

सदन के निर्धारित कामकाज को निलंबित करने की विपक्ष की मांग और आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि पुलिस समय पर मामला दर्ज किया और जांच की। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सीएम ने कहा कि सरकार ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील कर चुकी है। मुख्यमंत्री के रुख के मद्देनजर विधानसभा अध्यक्ष एएन शमशीर ने मामले पर चर्चा के लिए सदन के निर्धारित कामकाज को निलंबित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

## जद-यू विधायक ने दिया विवादित बयान,बोले- अगर पेशकश की गई तो रिश्वत लेने से हिचकेंगे नहीं



**पटना,01 फरवरी 2024(ए)।** बिहार में जदयू विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि अगर कोई उन्हें रिश्वत देता है तो उन्हें रिश्वत लेने में कोई झिझक नहीं होगी। मंडल ने नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए भागलपुर में मीडियाकर्मियों से कहा, अगर कोई मुझे 5 करोड़ रुपये देता है और इसे रखने के लिए कहता है, तो मैं इसमें देरी नहीं करूंगा। एक मिनट में पैसे स्वीकार कर लूंगा। मैं लक्ष्मी को अपने घर में आने से क्यों मना करूंगा? मुझे ईडी या किसी और से कोई डर नहीं है।.उन्होंने कहा, लालू प्रसाद के बच्चों को जिस तरह से दंडित किया गया, वह अच्छा नहीं है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लालू यादव या राबड़ी देवी रिश्वत लेने के दोषी हो सकते हैं, लेकिन उनके बच्चे नहीं। उनकी गलती क्या है? इस मामले में तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद के बच्चों को बेवजह फंसाया गया है, वे निर्दोष हैं।
मंडल के बयान के उलट जेडीयू और भाजपा के नेता ईडी की कार्रवाई को सही ठहरा रहे हैं। ईडी के अधिकारियों ने सोमवार को लालू प्रसाद से 10 घंटे, उसके बाद मंगलवार को तेजस्वी यादव से आठ घंटे और बुधवार को राबड़ी देवी से कई घंटे पूछताछ की। केंद्रीय एजेंसी का कहना है कि वह लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और बेटे तेज प्रताप यादव से भी पूछताछ करेगी।

## भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी



**पटना,01 फरवरी 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ मिला है।तेजस्वी ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि अहंकार से चूर भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी।राजद के नेता तेजस्वी यादव ने देर रात अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि बिहार, चंडीगढ़ और अब झारखंड। भाजपा ने एक ही हफ्ते में लोकतंत्र और संघवाद को तार-तार कर दिया।उन्होंने आगे लिखा कि चुनाव में हार के डर से जांच एजेंसियों की निष्पक्षता खत्म कर एजेंसियों को बीजेपी का प्रकोष्ठ बनाकर, केंद्र सरकार क्या-क्या कर रही है अब यह बात किसी से छुपी नहीं है। यादव ने कहा कि अहंकार से चूर भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी। राजद हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है।उल्लेखनीय है कि कथित जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन से लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। हेमंत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

CMYK

संपादकीय

## आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक

**जो** रिपोर्ट पेश की गई है, उस पर गौर करते हुए हर बिंदु पर अहसास होता है कि यह आर्थिक से ज्यादा एक राजनीतिक दस्तावेज है, जिसे चुनावी मकसद से मीडिया में बड़ी सुर्खियां बनाने के लिए लिहाज से तैयार किया गया है।

परंपरा यह है कि बजट पेश होने से पहले भारत सरकार संसद में गुजर रहे वर्ष का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करती है। आम समझ है कि बजट ऐसा आर्थिक दस्तावेज होता है, जिसे सरकार की राजनीतिक प्राथमिकताओं के मुताबिक तैयार किया जाता है। जबकि आर्थिक सर्वेक्षण ठोस आंकड़ों पर आधारित दस्तावेज है, जिससे देश की असल आर्थिक सूरत की जानकारी मिलती है। आर्थिक सर्वेक्षण को सरकार के प्रमुख आर्थिक सलाहकार तैयार करते हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन परंपरा से अलग हटते हुए उसे प्रेस कांफ्रेंस के जरिए अंतरिम बजट पेश होने तीन दिन पहले जारी कर दिया गया। बाद में सफाई दी गई कि चूंकि इस बार पूर्ण बजट पेश नहीं हो रहा है, इसलिए ये दस्तावेज संसद से बाहर जारी किया गया है- लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण बजट पेश होगा, तब आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। बहरहाल, जो रिपोर्ट पेश की गई है, उस पर गौर करते हुए हर बिंदु पर अहसास होता है कि यह आर्थिक से ज्यादा एक राजनीतिक दस्तावेज है, जिसे चुनावी मकसद से मीडिया में बड़ी सुर्खियां बनाने के लिए लिहाज से तैयार किया गया है। मसलन, अगले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, और विश्व बैंक के अनुमान 6.3-6.4 प्रतिशत के दायरे में हैं। फिर 2030 तक सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना इसमें दिखाया गया है। इन संदर्भों में सरकार की जो आलोचनाएं रही हैं, उनका जवाब भी इसमें देने की कोशिश की गई है। जैसेकि मुख्य आर्थिक सलाहकार वी नागेश्वरन ने कहा कि मोदी काल की औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि दर यूपीए काल के 8-9 प्रतिशत से बेहतर है, क्योंकि तब विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आज से दो गुना ज्यादा थी। इसके अलावा रोजगार के उन आंकड़ों का सहारा लेकर आर्थिक वृद्धि को समावेशी बताने की कोशिश भी की गई है, जिन पर विशेषज्ञ हलकों से वाजिब सवाल उठाए गए हैं। तो सार यह है कि आर्थिक सलाहकार ने सत्ताधारी पार्टी को खुशहाली की कहानी दी हैं, जिनसे वह चुनावी हेडलाइन्स बना सके।

## अदालत का इजराइल को आईना

**गत** 26 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने हिम्मत का काम किया। अमरीका और उसके मित्र देशों को आईना दिखाया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते अदालत में मामला दायर किया था। उसी पर प्रारंभिक फैसला सुनाते हुए न्यायालय के 17 में से 15 जजों (जो दुनिया भर के प्रतिष्ठित विधिवेत्ता हैं) ने कहा कि यह मुमकिन है कि इजराइल फिलिस्तीनियों का कत्लेआम कर रहा हो।

यह फैसला निश्चित तौर पर उन 23 लाख फिलिस्तीनियों की जीत है, जिनके अस्तित्व पर खतरा हर दिन गहराता जा रहा है। सवाल है फैसले का क्या मतलब है? पहला तो यह कि दक्षिण अफ्रीका की तात्कालिक कदम उठाए जाने÷ की दरखास्त मंजूर हुई है और अदालत ने एक तरह का अस्थायी आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत इजराइल को यह आदेश है कि वह ऐसे कदम उठाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जब तक मामला लंबित है, तब तक आगे और नरसंहार न हो। मगर फैसले में युद्धबंदी की बात नहीं कही गई है, जैसी कि दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद थी। यह इजराइल के लिए राहत की बात है। उसने नरसंहार के आरोप को गलत बताया है और प्रारंभिक फैसले की भर्त्सना की है।

इजराइल को इस तरह के 'आदेशों' से निपटना आता है। सन 1982 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की जनरल असेंबली ने बेरूत (लेबनान) में स्थित साबरा और शातिला शरणार्थी शिविरों में नरसंहार के लिए इजराइल को ज़िम्मेदार ठहराया था। यह प्रस्ताव 123 बनाम शून्य वोटों से पारित हुआ था। अमेरिका ने मतदान में भाग नहीं लिया था। तीन दिन तक चले इस कत्लेआम के शिकार मुख्यतः बच्चे और महिलाएं थीं और इसे एरियल शेरॉन, जो आगे चलकर इजराइल के प्रधानमंत्री बने, की निगरानी में अंजाम दिया गया था। स्वयं इजराइल द्वारा नियुक्त एक स्वतंत्र आयोग ने कत्लेआम के लिए शेरॉन को दोषी ठहराया था। मगर किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई। यद्यपि 26 जनवरी का आदेश प्राथमिक है और अंतिम फैसला आते-आतेकई साल गुज़र जाएंगे मगर यह सही दिशा में पहला कदम है। यह शुभ है। आखिरकार, क्या यह कम है कि अंततः एक शीर्ष संस्था ने यह माना है कि इजराइल कुछ गलत कर रहा है। इस आदेश का राजनैतिक प्रभाव ज्यादा अहम है और उसमें ठीक-ठीक क्या लिखा है इससे विशेष अंतर नहीं पड़ता। अदालत ने स्वीकार किया है कि गाजा में बड़े पैमाने पर लोग कष्ट भोग रहे हैं और जोर दिया कि जो मानवीय संकट वहां है, उसे और गंभीर नहीं होने दिया जा सकता। इससे इजराइल-गाजा टकराव का राजनैतिक नैरेटिव बदलेगा। और राजनैतिक कार्यवाही के नए रास्ते खुल सकते हैं। फैसले के तुरंत बाद यूरोपीयन यूनियन ने कहा कि आईसीजे के निर्णय का तुरंत, पूर्ण और प्रभावकारी कार्यान्वयन होना चाहिए और यह भी कहा कि इस तरह के आदेश दोनों पक्षों पर बंधनकारी होते हैं और उन्हें इनका पालन करना चाहिए।

हालाँकि अमेरिका ने आदेश की निंदा की और कहा कि उसे अब भी यह विश्वास है कि कत्लेआम के आरोप बेबुनियाद हैं और यह भी कि न्यायालय ने यह नहीं कहा है कि वहां कत्लेआम हो रहा है और ना ही उसने युद्धबंदी की बात की है। यह अपेक्षित था क्योंकि अमेरिका काफी समय से इस कोशिश में लगा है कि वो इजराइल द्वारा किये जा रहे ज़ुल्मों को अनदेखा करे। इसके पीछे राजनैतिक और कूटनीतिक कारण हैं। मानवीय करुणा पर राष्ट्रीय हित हमेशा भारी पड़ते हैं।इजराइल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन पर प्रश्न उठाना तो दूर रहा, अमेरिका, इंग्लैंड और अन्य पश्चिमी देशों ने यूएनआरडब्ल्यूए (संयुक्त राष्ट्र संघ की फिलिस्तीन के लिए राहत और निर्माण एजेंसी) की फंडिंग बंद कर दी। और वह भी मात्र इसलिए कि ऐसा बताया जाता है कि एजेंसी के 13,000 कर्मियों में से 12 ने इजराइल के हमास पर 7 अक्टूबर 2023 के हमले में भाग लिया था। इस आरोप की जांच एजेंसी कर रही है।


-श्रुति व्यास-

# क्या है भाजपा की चुनाव पूर्व रणनीति

भारतीय जनता पार्टी की चुनाव पूर्व रणनीति कामयाब होती दिख रही है। हालांकि चुनाव पूर्व रणनीति की कामयाबी इस बात की गारंटी नहीं होती है कि पार्टी चुनाव जीत जाएगी। लेकिन इससे नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में एक सकारात्मक संदेश जाता है। महज छह महीने पहले विपक्षी गठबंधन के बारे में सकारात्मक संदेश बना था। जब विपक्षी पार्टियां एकजुट हुई थीं और एक के बाद एक चार बैठकें हुई और यह प्रचार हुआ कि भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार होगा तो मनोवैज्ञानिक स्तर पर देश के मतदाताओं में एक बड़ा संदेश गया था। विपक्ष के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी धारणा के स्तर पर सकारात्मक स्थिति बनी थी। ठीक वैसी ही स्थिति अब भाजपा और उसके गठबंधन को लेकर बन रही है। छह महीने पहले विपक्ष की जो स्थिति थी उससे भाजपा में चिंता बढ़ी थी। अब उसने टेबल टर्न कर दिया है। उसने ऐसी राजनीति की है, जिससे धारणा बदल गई है। भाजपा ने विपक्ष के गेम प्लान को पंक्चर करने के लिए पहले उसके मुकाबले ज्यादा बड़ा गठबंधन बनाने का फैसला किया था। तभी जुलाई में भाजपा ने 38 पार्टियों के साथ एनडीए की बैठक की। लेकिन जल्दी ही उसको समझ में आ गया कि आकार में विपक्ष से बड़ा गठबंधन बनाना अच्छी रणनीति नहीं होगी। इसलिए उसने अपना आकार बढ़ाने की बजाय विपक्षी गठबंधन का आकार छोटा करना शुरू कर दिया। उसने विपक्ष को कमजोर करने की राजनीति की। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से हिंदू पुनरुत्थान का नैरेटिव बनाने के बाद भी भाजपा ने राज्यों में अपनी राजनीतिक कमजोरियों को दूर करने का प्रयास किया।

भाजपा की चुनाव पूर्व रणनीति की कामयाबी में दो बातें अहम हैं। पहली बात तो यह कि उसने अपनी कमजोरी और विपक्षी गठबंधन की ताकत को पहचाना और दूसरी बात यह कि अपनी कमजोरी को दूर करने के लिए साम, दाम, दंड और भेद सभी उपायों का इस्तेमाल किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर जून से अगस्त के बीच विपक्षी गठबंधन ने जैसी एकता दिखाई थी उससे भाजपा को अपनी कमजोरी का अहसास हुआ। भाजपा की कमजोरी दो स्तर पर थी। पहला, सामाजिक समीकरण और दूसरा विपक्षी गठबंधन की पार्टियों के मजबूत असर वाले राज्यों में उसका कमजोर होना। अगर किसी पार्टी को अपनी कमजोरी का पता चल जाए तो उसे दूर करना बहुत आसान हो जाता है। सो, भाजपा ने अपनी इन दोनों कमजोरियों को पहचाना। उसने उन राज्यों की पहचान की, जहां विपक्षी गठबंधन उसको नुकसान पहुंचा सकता था और उन राज्यों में अपने को मजबूत करने और साथ साथ विपक्ष को कमजोर करने का भरपूर प्रयास किया। भाजपा का यह प्रयास काफी हद तक कामयाब हो गया।

हकीकत यह है कि भाजपा को इसमें ज्यादा प्रयास करने की जरुरत ही नहीं पड़ी। विपक्षी गठबंधन की फॉल्टलाइन पहले से सबको पता थी और साथ ही गठबंधन की केंद्रीय पार्टी यानी कांग्रेस के काम करने का तरीका भी भाजपा को पता था। भाजपा को पता था कि कांग्रेस



फैसला करने में बहुत देरी करेगी और कांग्रेस ने सचमुच देरी की, जिसका फायदा भाजपा ने उठाया। लेकिन उसको ज्यादा फायदा विपक्षी पार्टियों की आंतरिक राजनीति और आपस के पारंपरिक टकराव से हुआ। भाजपा को अजित पवार की महत्वाकांक्षा का पता था और उनकी मजबूरियों को भी पता था। इसलिए भाजपा ने उनके ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को बड़ी सुविधाजनक तरीके से भुला दिया और उनको उप मुख्यमंत्री बना दिया। उनको खुश करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का रुख चाचा शरद पवार के साथ रह गए परिवार के दूसरे लोगों की ओर कर दिया गया। अजित पवार और उनके बेटे पार्थ के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभर रहे शरद पवार के पोते रोहित पवार के यहां अब केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है। महाराष्ट्र में भाजपा पहले ही शिव सेना को तोड़ चुकी थी और विपक्षी गठबंधन की एकता बनने के बाद एनसीपी को भी तोड़ दिया। सो, 48 लोकसभा सीट वाले राज्य में भाजपा भले अभी बहुत मजबूत हो गई नहीं दिख रही हो लेकिन उसने विपक्ष को कमजोर कर दिया।

महाराष्ट्र के बाद उसके लिए दूसरा कमजोर राज्य कर्नाटक था, जहां विधानसभा चुनाव में वोक्कालिगा वोट कांग्रेस की ओर जाने से भाजपा और एचडी देवगौड़ा की पार्टी जेडीएस दोनों को नुकसान हुआ था। सो, भाजपा ने दुश्मन के दुश्मन को दोस्त बना लिया। डीके शिवकुमार की वजह से वोक्कालिगा वोट पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए एचडी देवगौड़ा ने भाजपा के साथ तालमेल कर लिया। हालांकि तब भी यह नहीं कहा जा सकता है कि भाजपा और जेडीएस राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से अपनी 27 सीटें बचा लेंगे लेकिन वहां अपने को मजबूत करके भाजपा ने नुकसान कम करने का प्रयास किया है। कर्नाटक के बाद तीसरा राज्य बिहार था, जहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास शुरू किया था और कामयाब हुए थे। भाजपा को नीतीश की महत्वाकांक्षा और गठबंधन के अंदर की खींचतान का अंदाजा था। सो, उसने जबरदस्त रणनीतिक लचीलापन दिखाते हुए नीतीश कुमार से फिर तालमेल कर लिया। नीतीश को मुख्यमंत्री बनाए रखते हुए उनकी पार्टी जनता दल यू की एनडीए में वापसी कराई गई। जरुरत पड़ने पर घनघोर राजनीतिक व वैचारिक दुश्मन को भी साथ जोड़ने के लिए जिस उच्च स्तर का लचीलापन होना चाहिए वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिखाया। उसका नतीजा यह हुआ कि बिहार में, जहां एनडीए को सबसे ज्यादा नुकसान की संभावना दिख रही थी वह लगभग खत्म हो गई। नीतीश कुमार के भाजपा के साथ लौट जाने से बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर सामाजिक व राजनीतिक समीकरण एनडीए के पक्ष में हो गया तो साथ ही पूरे देश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बिखरने का संदेश चला गया। बिहार के बाद झारखंड में एक मजबूत गठबंधन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास चल रहा है।

भाजपा के लिए मुश्किल राज्यों में एक पश्चिम बंगाल भी है, जहां पिछली बार भाजपा को छप्पर फाड़ सीटें मिली थीं। उसने 42 में से 18 सीटें जीत ली थीं और उसके बाद विधानसभा चुनाव में भी उसने अपना वोट आधार कायम रखा था। वहां भी विपक्षी पार्टियों का गठबंधन होने की संभावना कम ही दिख रही है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व का राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ टकराव और वामपंथी पार्टियों के साथ संघर्ष के पुराने इतिहास की वजह से विपक्षी एकजुटता की संभावना काफी कम है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को इस बात की आशंका थी कि अगर पिछली बार की तरह बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच तालमेल हो गया तो उसको नुकसान हो सकता है। लेकिन मायावती ने अपने जन्मदिन के मौके पर यानी 15 जनवरी को ऐलान कर दिया कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी तो भाजपा के रास्ते की एक बड़ी बाधा टल गई। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में विपक्षी एकता नहीं बनने के पीछे भाजपा या केंद्र सरकार की कोई रणनीति रही है लेकिन दोनों राज्यों के राजनीतिक घटनाक्रम की एकमात्र लाभार्थी भाजपा ही है।

-अजीत द्विवेदी-

# सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस



रमेश सराफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प मिला था। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी।

इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एक तरफा घोषणा से इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएगें।

सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही इंडिया गठबंधन के शिल्पकार व प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होना इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है।



नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा है। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होने गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

बिहार भाजपा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने वहां 17 सीटे जीती थी। मगर वर्तमान में भाजपा सबसे कमजोर स्थिति भी बिहार में ही नजर आ रही थी। मगर नीतीश कुमार के पुनः भाजपा से जुड़ने के चलते बिहार में एक बार फिर भाजपा के मजबूत होने की संभावना लगने लगी है। इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना ही बेहतर समझा।

उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिये सात सीट छोड़कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 पतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी।

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलो के लिए कुछ सीटे छोड़े। जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सके। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आप चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़ें। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार आज भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

विपक्ष में सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने साथ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे-बड़े दलों को जोड़कर उनकी भावनाओं को समझे और उन्हें सम्मानजनक स्थिति प्रदान करें। ममता बनर्जी, भगवंत मान, अखिलेश यादव की सीट बंटवारे पर एकतरफा घोषणा करने व नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने से इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है।

ऐसे में कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े। इस बात की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी को लेनी होगी। बहरहाल तो नीतीश कुमार के जाने से इंडिया गठबंधन में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ है। उसका नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# सुसंस्कृत,शिक्षित नारिया राष्ट्र की धरोहर,श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र की निर्मात्री



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ

भारत में ही नहीं पूरे विश्व में स्त्रियां उनके नैसर्गिक सम्मान की हकदार हैं। स्त्रियों का यथोचित सम्मान ही किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी हैं । पुरानी मान्यताओं को देखते हुए परिवार समाज तथा देश में स्त्रियों को अग्रणी स्थान देना तय किया जाना चाहिए । भारत देश में नारी पूज्यंते हैं, नारी को नौ देवियों का स्वरूप माना जाता है । शास्त्रों में देवी के नौ स्वरूप शैलपुत्री,ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा,कुष्मांडा,स्कंदमाता,कात्यायनी,महागौरी, कालरात्रि,सिद्धिदात्री,देवियों के नौ रूप जो आतताइयों,राक्षसों से नारियों तथा देवताओं की रक्षा करती हैं। पर भारत में ही नहीं पूरे विश्व में मुख्यतः व्याप्त पुरुष प्रधान समाज ने एक ऐसी सामाजिक संरचना का निर्माण किया है,जिसमें प्रत्येक निर्णय लेने संबंधित अधिकार पुरुषों के पास ही सीमित रहे हैं। आदिम समाज से लेकर आधुनिक समाज तक विश्व की आधी दुनिया के प्रति भेदभाव पूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है। जिसने कभी भी स्त्री को व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया है। भारतीय समाज में भी प्राचीन नीतिकारों ने स्त्रियों को पिता, भाई, पति या पुत्र के संरक्षण में ही सामाजिक जीवन जीने की शास्वत वकालत की है. हमारे धर्म धर्मशास्त्रों में भी प्राप्ते तू दशम वर्षे,यस्तु कन्या न यछ्सी,अर्थात कन्या को 10 वर्ष तक पहुंचते-पहुंचते उसका विवाह कर दिया जाना चाहिए। इस तरह की कुंठित भावनाओं से ग्रसित पुरुष समाज की मानसिकता वाली शिक्षा हर तरफ देखने मिलती है। यह सच है कि पुरुष प्रधान मानसिकता ने स्त्रियों को स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में स्वीकार ही नहीं किया था। बल्कि तथाकथित लोकतांत्रिक एवं आधुनिक मूल्यों वाले पश्चिमी समाज ने महिलाओं को 1920 तक व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया था। पश्चिम के देशों में व्यक्ति मतलब उनका तात्पर्य पुरुष और पुरुष समाज से ही था। इंग्लैंड में व्यक्ति को वोट देने का अधिकार था। लेकिन महिलाएं 1918 तक वोट देने के अधिकार से वंचित थी। अमेरिका में 1920 तक महिलाएं वोट देने का अधिकार के बिना ही जीवन यापन कर रही थी। विश्व में पहली बार भारत में व्यक्ति के अंतर्गत महिला को शामिल किया गया था इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोरनेलिया सोराबजी नामक महिला के वकालत करने संबंधी आवेदन को एक व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया। इस तरह 1920 में महिला व्यक्ति के रूप में भारत में उच्च न्यायालय द्वारा आदेश देकर स्वीकारोक्ति प्रदान की गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1929 के आसपास ही महिला को व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया गया। भारत में सदैव नारी को अबला का दर्जा दिया जा कर एक अवैतनिक श्रमिक अथवा भोग की वस्तु के रूप में देखा है। जहां समाज की आधी आबादी को व्यक्ति का दर्जा ही प्राप्त नहीं हो, वहां उसके साथ समानता के व्यवहार की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन ने नारी को पुरुष से ज्यादा सामर्थ्यवान मानते हुए उसे सह्चरी कहा है। प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने अपने एक लेख में कहा है वास्तव में स्त्रियां जन्म से अबला नहीं होती हैं। उन्हें पुरुष समाज अबला बनाकर रखता है। जन्म से शिशु बालिका की जीवन शक्ति शिशु बालक की तुलना में बहुत प्रबल होती है। लेकिन समाज अपनी संस्कृति, रीति रिवाज,प्रतिमान तथा जीवन के मूल्यों के लिए तथा जीवन शैली के चलते नारी को अबला बना कर रख देता है। पर आज नारी के क्रांतिकारी दर्शन जैसे नारीवाद पर्यावरण वाद मानव अधिकार वाद ने नारी यानी महिला को बराबरी का दर्जा देने का लगातार प्रयास किया है। महिला सशक्तिकरण के प्रयास में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसकी शुरुआत अमेरिका द्वारा 28 जनवरी 19 मई को की गई थी आगे चलकर रूस की महिलाओं द्वारा 1917 में महिला दिवस पर रोटी कपड़ा एवं बराबरी के लिए अधिकार की मांग रख हड़ताल भी की गई थी। भारत के परिपेक्ष में देश में नारियों का ऐसा वर्ग भी है जो सजग जागरूक शिक्षित एवं नौकरी पेशा है। उसे अपने अधिकार का तथा सामर्थ का पूर्ण ज्ञान है । भारत की महिला आज पुरुषों के साथ स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग ,थल,जल, वायु सेना, रेल, बस,प्रशासन तथा अंतरिक्ष में कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है। राजनीति में वैश्विक स्तर पर श्रीलंका की श्री मांओ भंडार नायके, ब्रिटेन की मार्गरेट थैचर, भारत भ की श्रीमती इंदिरा गांधी,इजराइल की गोल्डा मायर ऐसी महिलाएं थी,जिन्होंने इतिहास बनाया है।वर्तमान में भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन तथा मंत्री स्मृति ईरानी, किरण बेदी तथा अंतरिक्ष विज्ञानी स्वर्गीय कल्पना चावला ऐसे उदाहरण है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकेंगे। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम फैला रही है। भारत सरकार में भी सशक्त महिलाएं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर सरकार में अपनी सहभागिता प्रदान कर रही है। अंतरिक्ष में भारतीय मूल की कल्पना चावला ने अपना सर्वस्व त्याग कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस भी भारत तथा महिलाओं का गौरव बढ़ाकर महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बनी है। पर दूसरी तरफ भारत की जनसंख्या की 65 महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र में केवल 45 प्रतिशत शिक्षित है,और शहरी महिलाएं ग्रामीण महिलाओं से थोड़ी ज्यादा शिक्षित हैं पर पूरे 121 करोड़ की जनसंख्या में महिलाओं का भागीदारी का प्रतिशत अत्यंत न्यून है। अत्यंत कम प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षा, समानता, निजता के अधिकार का उपयोग कर पा रही। ऐसे में यदि नारी सशक्तिकरण की अवधारणा को माना जाए तो भारत के परिपेक्ष में नारी उत्पीड़न हर क्षेत्र हर प्रदेश तथा देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तथा बड़े महानगरों में हो रहा है। नारी के ऊपर होते बलात्कार अत्याचार तथा शोषण की कहानियां रोज अखबारों में दिखाई देती है। भारत में नारी सशक्तिकरण की स्थिति बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकति है। सर्वे के अनुसार प्रति मिनट भारत में 800 महिलाएं किसी न किसी तरह से प्रताड़ना का शिकार हो रही है। ऐसे में शिक्षित महिलाओं को ही नारी सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए शासन प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर प्रयास करने की जरूरत होगी।

## मां का तोहफा

दुआओं के गहने साथ लिए,
बिटिया आज तू हुई परायी,
तोहफें मे तुझे दी है सिलाई मशीन,
इसके साथ जुड़ी है मेरे जीवन की यादें हसीन,
मेरा अनुभव सांझा कर रही हूं,
बिटिया ससुराल जाने से पहले तुझे कुछ कह रही हूं,
मुझे जो संस्कार मेरी मां से मिले ये विरासत है मेरी,
उन संस्कारों को तुझे आज भेंट कर रही हूं,
परिवार में अलग-अलग स्वभाव के सभी लोग होते हैं,
खट्टे-मीठे, कुछ नमकीन, तीखे, तो कुछ कसैले भी होते हैं,
इन रिश्तों को प्रेम के धागे से जोड़ के रखना,
कैंची की तरह जबान को कभी मत चलाना,
अपितु इंची टेप की तरह नापतोल कर वाणी को
नियंत्रित और मिठास भरी रखना,
बोबिन केस के धागे की तरह सबको पीछे से सहयोग करना,
तेरा नाम हो इसकी चाह ना रखना,
उदास मन हो कोई कभी तो, झटपट रफ्फु कर देना,
कलाकारी से अपनी सकारात्मकता का सृजन कर,
सभी रंग बिरंगे सदस्यों को एकजुट कर,
बेहतरीन नक्काशी से तेरे परिवार की सुंदर तस्वीर उकेरना,
बच्चों में अच्छे संस्कारों की कढ़ाई गढ़ना,
ये कोरे कपड़े हैं इन पर प्रतिभाओं की नई तुरपन करना,
छोटी-छोटी बचतों को कतरनों के जैसे सहेज कर रखना,
भावनाओं में मत बह जाना समय-समय पर ज्ञान का
तेल भी डालते रहना,
जीवन गाड़ी को अकेले ही नहीं दौड़ना,
अपने पति के साथ-साथ गाड़ी के पहिए को सदैव घूमाना,
प्रभु की प्रार्थनाओं के स्टैंड पर समर्पित हो अपने
जीवन को संचालित करना,
बिटिया मेरी यह सीख सदैव याद रखना ।




मोनिका डागा
आनंद
चेन्नई,तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अल्फाज

यूं तो कहने को,
हम सब पूरे हैं,
बिन पूरे अल्फाज़,
हम अधूरे हैं,
जो तेरे मुंह पे तेरे हैं,
जो मेरे मुंह पे मेरे हैं,
वो अल्फाज़ ही तो हैं,
जो तेरे लिए पूरे हैं,
मेरे लिए अधूरे हैं,
दोस्त क्या रखा है इस दुनिया में,
सब अल्फाजों का खेल है,
जिसके लिए ये पूरे ,
उसके लिए मेले ही मेले हैं,
जिसके लिए है,
अधूरे ये अल्फाज़,
वो दुनिया में अकेले ही अकेले हैं।



डॉक्टर
जय
अनजान
बिलासपुर

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।



# बजट में न तो मनरेगा के लिये विशेष है, न ही किसानों के लिए: टीएस सिंहदेव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत छठवें बजट जो अंतरीम बजट है, को बेहद निराशजनक बताया है। उन्होंने कहा है कि अमूमन मै ऐसी प्रतिक्रिया नहीं देता। लेकिन बजट अभिभाषण में जिस प्रकार विगत 10 वर्षो का महिमामंडन करते हुए अगामी वित्तीय वर्ष के लिये सरकार के उत्तरदायित्व से पल्ला झाडा गया है वो अभूतपूर्व है। 5.1 के राजकोषीय घाटा का बजट बताता है कि किस वित्तीय कुप्रबंधन में भारतीय अर्थव्यवस्था प्रवेश कर गयी है। बजट में न तो मनरेगा के लिये विशेष है, न किसानो के एमएसपी की मांग पर कुछ कहा गया है न ही एससी और एसटी वर्ग के लिये कुछ है। हेल्थ और रोजगार के क्षेत्र में सुधार के लिये भी कोई पुख्ता सूचना बजट अभिभाषण में मौजूद नहीं है। पुरानी घोषणाओं को बजट में शामिल कर इसे आकार देने का प्रयास किया गया है। जीएसटी के विपरीत प्रभाव से नुकसान झेल रहे उत्पादक राज्यों के नुकसान की भरपाई के लिये भी कोई नीति-निर्धारण नहीं है। एम तरफ आमलोगों को आयकर के स्लैब में कोई छूट नहीं दी गयी, वहीं पूजिपतियों के लिये कारपोरेट टैक्स में छूट को बरकरार रखा गया है।



## रोजगार के अधिकाधिक अवसर मुहैया हुए हैं : विधायक प्रबोध मिंज



लुण्ड्रा के भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हमारे युवा देश की अब बड़ी आकांक्षाएं, उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अधिकाधिक अवसर मुहैया हुए हैं। 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिलना इस बात को स्पष्ट करता है। युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 15 एआईआईएमएस और 7 आईआईएम खोले गए हैं।

## देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगी : राजेश अग्रवाल



भाजपा विधायक राजेश अग्रवाल ने लखपति दीदी योजना के तहत लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि नौ करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्व-सहायता समूह देश के विकास में अहम योगदान रखते हैं। उनकी कामयाबी से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मदद मिली है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का संकल्प केंद्र सरकार के संवेदनक्षम और विकासपरक दृष्टिकोण का परिचायक है। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे का ही इस्तेमाल करते हुए और मेडिकल कॉलेज बनाने, 9 से 14 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीका लगाने, मातृत्व और बाल विकास के लिए एक समग्र योजना बनाने, आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किए जाने, पोषण 2.0 के अमल में तेजी लाने के साथ ही आयुष्मान भारत के तहत सभी आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों को इसके दायरे में लाने का संकल्प स्वागत योग्य है। आगे श्री अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिए गए। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70 प्रतिशत मिले हैं। इस बजट से देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगी साथ ही साथ किसान कैश क्रॉप की ओर अग्रसर होंगे।

## केन्द्रीय बजट में मजबूत विकसित राष्ट्र की परिकल्पना : शुभम अग्रवाल



देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश मंत्री व भाजपा के नगर कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से अंतरिम बजट 2024 पेश किया गया।उन्होनें आगे बताया कि इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया हैं। एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई है। जिससे कि व्यापार एवं उद्योग में वृद्धि होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये रहेगा, यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है। राज्यों में विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रावधान। प्राकृतिक संसाधन का उपयोग कर उर्जा उत्पादन विकसित राष्ट्र की ओर बढते कदम। देश में तीन नये आर्थिक रेल कोरिडोर से व्यापार एवं उद्योग को बढावा मिलेगा। सरकार ने अब तक 3 करोड़ घर बनाने के अपने लक्ष्य को हासिल किया है। इस योजना के तहत अगले 5 साल में 2 करोड़ और घर बनाएंगे।

## बजट में पिछले दस वर्ष कि उपलब्धियों को बताया गया है: अभय मौर्य



सीए अभय मौर्य ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व का अंतरिम बजट प्रस्तुत किया गया। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों को ध्यान में रहते हुए इस बजट में लोक लुभावन नए योजनाओं कि चर्चा नहीं कि गई। यह बजट एक प्रकार से सारांश बजट के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसमे मोदी सरकार द्वारा पिछले दस वर्ष कि उपलब्धियों को बताया गया. इस बजट में दो करोड़ नये आवास बनाने का प्रस्ताव है जो एक सराहनीय पहल है. इनकम टैक्स कि दरों को यथावत रखते हुए टैक्स रेट में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन नहीं किया वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स से सम्बिधित छोटे डिमांड जिनकी राशी 25000 तक है और जो वित्तीय वर्ष 2014-15 या उससे पूर्व के वर्षों से सम्बंधित है ऐसे डिमांड को माफ किये जाने का प्रस्ताव है को करदाताओं को राहत प्रदान कर सकता है.

## देश में हवाई आवागमन की सुविधाएं बढ़ेगी : रामकुमार टोप्पो



सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि देश की विमान कंपनियां एक हजार नए विमान खरीदने का निश्चय व्यक्त कर देश में हवाई आवागमन की सुविधाओं को बढ़ाने जा रही है। अब देश में 149 विमानतल हैं। टियर-2 और टियर-3 शहरों को उड़ान के तहत विस्तार दिया जा रहा है। देश की विमानन कंपनियां एक हजार नए विमान खरीद रही हैं।

## काफी निराशाजनक है बजट : हिमांशु जायसवाल

युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट निराश जनक है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है। बजट में युवाओं को रोजगार के लिए कुछ नहीं है। आवास को लेकर फिर नई लुभावन बाते की गई है।

## महिलाओं को सालाना मिलेंगे 12 हजार रुपये : ललन प्रताप सिंह



भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट को साधुवाद देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू करते हुए बुधवार के हुए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लिया है और इसे प्रदेश में इसे लागू किया है । महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को 1 हजार प्रति माह यानी सालाना 12 हजार की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी ,शासन की महत्ती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा ,विवाहित महिला के अलावा विधवा , तलाकशुदा , परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनमानस से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए दृढ़संकल्पित है। हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा मोदी गारंटी के कार्यों को लगातार पूरा करते हुए प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुए कैबिनेट में लिए गए अन्य फैसलों का भी समस्त कार्यकर्ता भाजपा सरगुजा ने स्वागत किया है।

## सामाजिक न्याय, सर्वसमावेशी विकास वाली बजट

बजट पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि यह बजट किसानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला बजट है। देश के 11.8 लाख किसानों को मिलने वाला पीएम किसान सम्मान निधि किसानों को मिलता रहेगा। खाद की नई तकनीक नैनों यूरिया की भाति ही नैनो डीएपी लाने की घोषणा की गई है। यह बजट किसानों के साथ-साथ देश को विकसित भारत की ओर अग्रसर करने वाला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अधिकाधिक अवसर मुहैया हुए हैं। 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिलना इस बात को स्पष्ट करता है। युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 15 एआईआईएमएस और 7 आईआईएम खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि देश की विमान कंपनियां एक हजार नए विमान खरीदने का निश्चय व्यक्त कर देश में हवाई आवागमन की सुविधाओं को बढ़ाने जा रही है। अब देश में 149 विमानतल हैं। टियर-2 और टियर-3 शहरों को उड़ान के तहत विस्तार दिया जा रहा है। देश की विमानन कंपनियां एक हजार नए विमान खरीद रही हैं।

# कुसमी शहर में नगर पंचायत नें प्लास्टिक की रोक को लेकर दुकानो में की छापेमार कार्यवाही





14 किलो ग्राम जब्त कर जुर्मार्ना 75 हजार लगाया

- संवाददाता -
कुसमी,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

नगर पंचायत कुसमी में संचालित विभिन्न दुकानो पर नगर पंचायत एवं पर्यावरण संरक्षण की टीम नें प्लास्किट की रोक लगाने के छापेमार कार्यवाही की है, दरसल प्लास्टिक प्रदुषण से आम जनता को बचाने के लिये नगर पंचायत और पर्यावरण संरक्षण मंडल की संयुक्त टीम के द्वारा नगर में संचालित दुकानो प्रतिष्ठानो पर टीम के द्वारा दबिश दी गई और दुकानो में रखे प्लास्टिक के प्रतिबंधित पालीथीन को जब्त कर जुर्माने की कार्यवाही की गई, कुसमी के करीब 10 दुकानो में छापा मारा गया जहाँ से 14 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर 75 हजार का जुर्माना लगाया गया, कार्यवाही में पर्यावरण संरक्षण मंडल से हरिश तिवारी,नगर पंचायत से उप अभियंता महेन्द्र कुमार पैकरा, राजस्व उप निरीक्षक दीपिका सिंह,सहायक राजस्व निरीक्षक लखपति नाग,सफाई दरोगा कामेश्वर प्रसाद सहित नगर पंचायत के अन्य कर्माचारी गण शामिल रहे,बहरहाल प्लास्टिक प्रदुषण से पर्यावरण के साथ पशुओ को बचाने के लिये आम जनता को भी जागरुक होने की जरुवत है आज के समय में , देखा जाये तो प्लास्टिक लोगो का जरुवत बन गया है लेकिन कही न कही यह जरुवत नुकसान दायक साबित भी हो रहा है जिस वजह प्लास्टिक पर शासन प्रशासन रोक लगा रही है लेकिन आम जनता भी अपनी शहर और पशुओ की जान बचाने के लिये अपना अभिन्न योगदान दे सकते है, प्लास्टिक की जगह कपडा का झोला सहित अन्य वस्तुओ का इस्तेमाल करने की कोशिस करे तो शहर में प्लास्टिक से पर्यावरण प्रदुषण भी कम होगा और कई पशुओ की जाने भी बचेगी प्लास्टिक की वजह से...।

# जिला लिपिक संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात



- संवाददाता -
सुरजपुर,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 079/2001 के जिला सूरजपुर लिपिक संघ ने नवनियुक्त कलेक्टर श्री रोहित व्यास को बुके भेंट कर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान लिपिक संघ ने कलेक्टर से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। जिला लिपिक संघ के अध्यक्ष श्री हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिला अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत लिपिको से विभागीय कार्य करना न्याय उचित है, परंतु कई लिपिको को सौंपे गए दायित्व को अन्य संवर्ग के कर्मचारियों से कार्य कराए जाते हैं एवं उक्त संबंध में विभागीय लिपिको से जानकारी मांगी जाती है। शाखा प्रभारियो को कार्यों के संबंध में जानकारी नहीं होने के कारण अधिकारियों द्वारा लिपिक को अनावश्यक प्रताड़ित किया जाता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 079/2001 के जिला अध्यक्ष हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता, उप प्रांताध्यक्ष नजीर अहमद खान, प्रांतीय महामंत्री सुशील कुमार टोप्पो, प्रांतीय सचिव राम सुमेर मिश्रा, संभागीय सचिव मोहम्मद इकबाल अंसारी, जिला सचिव अजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भागीरथी कश्यप, मीडिया प्रभारी पंकज डोंगरे, संतोष कुशवाहा, संदीप विश्वकर्मा, सौरव श्रीवास्तव सहित जिले के अन्य लिपिक साथी उपस्थित रहे।

# हाथी की मौत के मामले में अन्य सात आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर भेज दिया जेल

- संवाददाता -
प्रतापपुर,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत हाथी की मौत के बाद खुद को बचाने उसके बारह से ज्यादा टुकड़े कर अलग-अलग गड्ढों में दफनाने मामले में अन्य सात आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ से दो माह पहले एक हाथी की मौत करंट लगने से हो गई थी और ग्रामीणों ने मामले में फंसने से बचने के लिए उसके बारह से ज्यादा टुकड़े करने के बाद अलग-अलग गड्ढों में दफना



दिया था। मुखबिरों की सूचना के बाद वन विभाग को इसका पता चला था और गड्ढों को खोदकर शव के टुकड़ों को बाहर निकाला गया था। मामले में दस से ज्यादा आरोपियों के होने की बात सामने आई थी और तीन को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था जिनमें धुरिया गांव के नरेंद्र सिंह, जनकु और रामचंद्र शामिल थे। और माधव नाम का आरोपी फरार था। विभाग तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहा था और अब फरार माधव के साथ अन्य छह आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो गई है। इनमें गंगाराम, लाल मोहन, प्राणबोधी, बैकनाथ, रामचंद्र और रामकिशन शामिल हैं जिन्हें आज जेल भेज दिया गया है।

# नबालिग बालिका से जंगल में सामूहिक दुष्कर्म, तीन नबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर. शहर से लगे गंझाडांड़ जंगल में 29 जनवारी की देर रात को पांच लडक़ों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 3 नाबालिग सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 1 फरवारी को प्रार्थिया कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थिया 29 फरवारी को अपने सहेली के साथ शादी समारोह में शामिल होने चेंद्रा रघुनाथपुर गई हुई थी। जो देर रात जानपहचान के एक युवक पीड़िता एवं उसकी सहेली कों घर छोडऩे की बात बोलकर बाइक से ले जा रहा था। जो बीच रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म होने की बात बोलकर अन्य लडक़ों को फोन कर बुलाया। इस दौरान पिड़िता एवं उसकी सहेली को गंझाडांड जंगल की ओर भेज दिया। कुछ देर बाद 4 लडक़े बाइक से मौके पर पहुंचे और दोनों लड़कियों के साथ जोर जबदस्ती करने लगे। इस दौरान एक लडक़ी मौके से भागने में सफल हो गई। वहीं दूसरी लडक़ी से पांचों आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद सभी उसे वहां छोडक़र भगा गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची, लेकिन घटना की जानकारी परिजन को नहीं दी। पीड़िता घटना की जानकारी तत्काल परिजन को नहीं दी। 31 दिसंबर की शाम को पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद पीड़िता मां के साथ कोतवाली आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 376(डी) पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने 3 नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 नबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। वहीं गिरफ्तार दो आरोपियों में दीपक तिर्की पिता शोभित तिर्की उम्र 22 वर्ष निवासी लालमाटी यादवपारा, आशीष एक्का पिता अनिल एक्का उम्र 22 वर्ष निवासी लालमाटी पटेलपारा को जेल दाखिल कर दिया है।

# महाभियोजक पर हमले मामले में बहस तेज, सोलिह बोले- घटना राजनीति से प्रेरित,गृह मंत्री ने दिया यह जवाब

**माले,01 फरवरी 2024।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम,जिन्हें मालदीव की पिछली सरकार ने नियुक्त किया था, उन पर बुधवार को माले में हमला किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने उन पर घात लगाकर हमला किया। हमले की घटना के कुछ घंटों के बाद पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गाय है। विपक्ष ने हुसैन शमीम पर हुए हमले को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। गौरतलब है कि हुसैन शमीम को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

### हुसैन शमीम पर हमला राजनीति से प्रेरित है- सोलिह

अपने ऊपर हुए हमले पर हुसैन शमीम ने कहा कि वह ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हैं। मैं अब परिवार के साथ घर वापस आ गया है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने हमले को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। जिसके तुरंत बाद गृह मंत्री अली इहुसन ने उन्हें दावे पेश करने को कहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने कहा कि राजनीति से प्रेरित हिंसा के कृत्यों का लोकतांत्रिक समाज में कोई स्थान नहीं है। मैं इस मामले पर वर्तमान सरकार से कार्रवाई की मांग करता हूं। अपराधियों को न्याय के तहत सजा मिलनी ही चाहिए।

### पूर्व राष्ट्रपति पुलिस के साथ साझा करें साक्ष्यःइहुसन

सोलिह के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री अली इहुसन ने लिखा कि मालदीव पुलिस मामले की जांच कर रही है। मैं पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से निवेदन करता हूं कि वह अपने बयान में किए गए दावों से जुड़े साक्ष्य को पुलिस के साथ साझा करें। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है। हम अपराधियों को



जल्द ही कठघरे में खड़ा करेंगे। हालांकि हमले के बाद मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) ने हुसैन शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

### एमडीपी ने बयान जारी कर राष्ट्रपति मुइज्जू को घेरा

हुसैन शमीम पर हुए हमले की निंदा करते हुए मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने बयान जारी करते हुए कहा कि शीर्ष सरकारी अधिकारियों और आपराधिक गिरोहों के बीच संबंधों के चलते इस तरह की हिंसा हो रही है। एमडीपी ने मौजूदा राष्ट्रपति मुइज्जू पर सुरक्षा प्रदान करने में विफल होने का आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता में आते ही हिंसक अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। गौरतलब है कि चीन के करीबी मानें जाने वाले मुइज्जू ने पिछले साल सिंतबर में राष्ट्रपति चुनाव में इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को शिकस्त दी थी। वहीं मालदीव के महाभियोजक के कार्यालय (पीजीओ) ने एक बयान में कहा कि शमीम पर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हमला किया था।

### मालदीव के विपक्षी नेता बोले, जीवन के अतिरिक्त समय में हूं

मालदीव के विपक्षी नेता कासिम इब्राहिम ने स्थानीय चैनल से कहा कि वह अपने जीवन में अतिरिक्त समय पर हैं। जम्हूरी पार्टी (जेपी) के नेता का यह गूढ़ बयान उस वक्त आया है जब हाल ही में उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने के लिए कहा था। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि उनका इशारा किस ओर है। कुछ राजनातिक पंडित यह कयास लगा रहे हैं कि कासिम को जान से मारने की धमकी मिल रही है। कुछ इसे राष्ट्रपति मुइज्जू के दबाव में जम्हूरी पार्टी के नेतृत्व से हटने की तैयारी के रूप में देख रहे हैं।

### चीनी जासूसी जहाज मालदीव पहुंचा

चीन का जासूसी जहाज जियांग यांग होंग-03 मालदीव पहुंच चुका है। जहाज मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में दाखिल हो चुका है। जहाज मंगलवार को मालदीव पहुंचने वाला था। हालांकि, शिपिंग ट्रैकिंग साइटों के अनुसार जहाज एक सप्ताह बाद माले शहर में डेरा डालेगा। चीन इन जहाजों के जरिये हिंद महासागर में जासूसी गतिविधियों को अंजाम देता है।

# आम चुनाव से पहले इमरान को फिर झटका,सुप्रीम कोर्ट ने नामांकन पत्र को लेकर दायर याचिका लौटाई



**इस्लामाबाद,01 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में एक हफ्ते बाद आम चुनाव होने हैं। लेकिन, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नामांकन पत्र अब तक जमा नहीं हो पाए हैं। इस बीच, गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय से उन्हें झटका मिला है। शीर्ष अदालत ने उनकी उस याचिका को लौटा दिया, जिसमें उनके नामांकन पत्र को अस्वीकार करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। इमरान अभी रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, याचिका में इमरान ने पंजाब प्रांत में नेशनल असेंबली की दो सीटों (लाहौर और मियांवाली) के लिए नामांकन पत्र खारिज करने के आदेश को चुनौती दी थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के प्रमुख खान का नामांकन पत्र पिछले महीने नैतिक आधार पर खारिज कर दिया गया था। उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया था। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान पर आरोप था कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखा।

# मुआवजे को लेकर सवालों को टाल गए जुकरबर्ग,मांगी माफी,सीनेट में सोशल मीडिया कंपनियों को सांसदों ने घेरा

**वाशिंगटन,01 फरवरी 2024।** अमेरिका में सोशल मीडिया मंचों के प्रमुखों की कैपिटल हिल में हो रही सुनवाई के दौरान मेटा के मुखिया मार्क



जुकरबर्ग से सीनेटर जोश हॉले ने पूछा, क्या वे दिवंगत बच्चों के माता-पिता को मुआवजा देंगे? जुकरबर्ग परेशान नजर आए। फिर सवाल को टालते हुए बोले, मेरा काम अच्छे टूल बनाना है। तभी एक मां ने अपने दिवंगत बच्चे की तस्वीर उठाकर सबका ध्यान खींचा और जुकरबर्ग से पूछा कि क्या उन्होंने इन माता-पिता से माफी मांगी? क्या अब मांगेंगे? जुकरबर्ग खड़े हुए और माता-पिता से माफी मांगी।

सुनवाई में प्रमुख एपल के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे, तो दिवंगत बच्चों के अभिभावकों ने नाराजगी जताई। वहीं, अमेरिका के कम्युनिकेशन डीसेंसी एक्ट की धारा 230 को खत्म करने की मांग ग्राहम सहित कई सांसदों ने की। यह धारा सोशल मीडिया पर तीसरे पक्ष की सामग्री के लिए कंपनी के मालिकों को जिम्मेदार नहीं मानती।

**यौन सामग्री पर रोक तो फेसबुक कैसे फैला रहा**

सीनेटर माइक ली ने जुकरबर्ग से पूछा, उनके मंच से यौन सामग्री कैसे फैलती है? जुकरबर्ग ने कहा, हम अनुमति नहीं देते। ली ने फिर सवाल किया, तो रोक के बाद भी इसे कैसे फैला रहे हैं?

**9,200 करोड़ कमाए, पांच करोड़ भी नहीं खर्चे**

सीनेटर रिचर्ड ने मेटा के वैश्विक मामलात निदेशक निक क्लेग के ई-मेल दिखाए। क्लेग ने बताया मेटा उस वक्त एक तिमाही में 9,200 करोड़ डॉलर कमा रही थी, लेकिन सुरक्षा पर पांच करोड़ डॉलर भी नहीं खर्च सकी।

**इनके दावे**

डिस्कॉर्ड के सीईओ जेसन सिट्रन ने कहा, उन्होंने वीडियो गेम खेलने वालों को आपस में जोड़ने और दोस्ती बढ़ाने के लिए मंच बनाया था। अपने मंच पर एन्क्रिप्शन का विरोध करते हुए उन्होंने कहा, इससे बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए कदम विफल हो जाएंगे।

स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कहा, वह बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री सर्च करने का विकल्प खत्म करेंगे। उन्होंने बताया, 2023 में कंपनी ने बच्चों के शोषण की 6.90 लाख शिकायतें कीं, एक हजार आरोपी गिरफ्तार हुए।

# टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकवादी, मिल रहा ऑन-ग्राउंड समर्थन,यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

**इस्लामाबाद,01 फरवरी 2024।** प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। देश के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही।

### निगरानी टीम ने यूएन की समिति को सौंपी रिपोर्ट

अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/ तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में यह जानकारी



निकलकर सामने आई है।

### टीटीपी को मिल रहा ऑन-ग्राउंड समर्थन

रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं।

### टीटीपी पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा

पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। पाकिस्तान टीटीपी को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में टीटीपी ने बनाया नया ठिकाना

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित टीटीपी ने 2023 के मध्य में खैबर पख्तूनख्वा में अपना नया ठिकाना बनाया। जहां बड़ी संख्या में लोगों को आत्मघाती हमलावर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। अलकायदा ने टीटीपी को प्रशिक्षण, वैचारिक मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### टीटीपी में शामिल हो हुए अन्य संगठनों के आतंकवादी

टीटीपी के आतंकवादी अफगानिस्तान से सटे पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों को निशाना बना रहे हैं। खबर में यूएन की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि अलकायदा और तालिबान के कई सदस्य टीटीपी में शामिल हो चुके हैं और वह अपने आतंकवादी अभियानों को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा, टीटीपी के सदस्यों और उनके परिजनों को अफगान तालिबान की ओर से समय-समय पर सहायता पैकेज लेने के लिए कहा जाता है।

# चीनी हैकर्स अमेरिका में ला सकते हैं तबाही, एफबीआई चीफ की चेतावनी- इंफ्रास्ट्रक्चर पर कर सकते हैं हमला

**वॉशिंगटन,01 फरवरी 2024।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने चेतावनी दी है कि चीनी हैकर्स अमेरिका के अहम इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर हमला कर तबाही ला सकते हैं। रे ने चीनी साम्यवादी पार्टी पर अमेरिकी संसद की कमेटी को बताया कि चीनी हैकर्स अमेरिका के इंफ्रास्ट्रक्चर में सेंध लगा चुके हैं और चीन के इशारे पर अमेरिका में भारी तबाही ला सकते हैं और अमेरिकी नागरिकों को बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### इन जगहों को निशाना बना सकते हैं चीनी हैकर्स

एफबीआई चीफ ने कहा कि चीनी हैकर्स वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रिक ग्रिड और तेल और नेचुरल गैस पाइलपाइंस को निशाना बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए बड़ा खतरा है। चीन की सरकार ने अमेरिका में हैकिंग के आरोपों से पूर्व में इनकार किया था। क्रिस्टोफर रे ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी के मामले में



हमारी कुछ कमजोरियां हैं, जिसकी वजह से आसानी से चीनी हैकर्स ने सिस्टम की खामियों का फायदा उठाकर सेंध लगा दी है। अमेरिका की साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी के प्रमुख जीन ईस्टरली ने भी एफबीआई चीफ की आशंका का समर्थन किया।

### अमेरिका-चीन तनाव को कम करने के लिए कर रहे बातचीत

एफबीआई निदेशक की चेतावनी ऐसे समय आयी है, जब अमेरिका और चीन, दोनों ही देश तनाव को कम करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चीनी समकक्ष के बीच बैंकॉक में अहम बैठक हुई थी। यह बैठक करीब 12 घंटे चली, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के हालात, उत्तर कोरिया आदि विषयों पर बातचीत हुई थी। अमेरिका द्वारा भी चीनी हैकर्स के साइबर हमले को रोकने की कोशिश की जा रही है और इसके लिए कई संदिग्ध कोड को केंद्रीय डिवाइस से हटाया जा रहा है, लेकिन माना जाता है कि चीनी हैकर्स की पहुंच काफी गहरी है और अभी भी गंभीर खतरा बना हुआ है।

# मासूम बेटा की गला रेतकर व पेट में चाकू मारकर हत्या कर फरार महिला की तालाब में मिली लाश

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

कुन्नी चौकी क्षेत्र के ग्राम सकरिया निवासी पवन चौहान का पत्नी फुलकुमारी चौहान (22) से शराब पीने को लेकर विबाद होता था। 25 जनवरी को पवन अधिक मात्रा में शराब पीकर घर पहुंचा तो शाम को दोनों का विवाद हुआ। विवाद के बाद रात को वे सो गए थे।

रात में फुलकुमारी ने चाकू से आठ वर्षीय पुत्र हितेश का गला काट दिया एवं पेट में दो बार वार कर उसकी हत्या कर दी थी। कुन्नी चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत ने बताया कि रात में विवाद होने के बाद वे सो गए थे। भोर में पवन ने फुलकुमारी से गुडाखू मांगा। वह बाहर गई तो वापस नहीं लौटी। पवन को हितेश का खून से लथपथ शव मिला था। परिजनों के साथ पुलिस ने भी फुलकुमारी की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। बुधवार शाम कुन्नी के बडक़ा मुड़ा तालाब में एक महिला का शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची कुन्नी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त फुलकुमारी के रूप में हुई। शव सडऩे लगा था, जिससे आशंका है कि उसने 26 जनवरी को ही तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। शव का पीएम गुरूवार को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ की प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर-रामानुजगंज, 01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

अपनी लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ की प्रांतव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार से शुरू हो गई है। शासन के उदासीन रवैए से नाराज होकर आज से प्रदेश भर के वन कर्मी आर-पार की मूड में आ गए हैं।

बलरामपुर जिले में सैकड़ों वन



कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताली कर्मचारी जिला मुख्यालय बलरामपुर के साथ ही वाड्रफनगर और राजपुर में धरने पर बैठे रहे। इस दौरान कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष पवन रूपौलिहा, जिलाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष हरिकिशोर राम, सुरेश यादव, प्रदीप कुजूर, अनिल कुजूर, समलु राम, युधिष्ठिर राम, मालती मांझी, पुष्पा कुजूर , सुरेश सरदार सहित अन्य वन कर्मचारी आज हड़ताल पर मौजूद रहे।

# जमीन विवाद पर भाई की हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जमीन विवाद भार भाई ने अपने ही भाई के ऊपर टांगी से जनलेवा हमला कर दिया था। इसेस उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।



साकिम राम गोड़ पिता साखा राम गोड़ उम्र 40 वर्ष साकिन ग्राम कुदर थाना लुन्ड्रा द्वारा 1 फरवारी को थाना लुन्ड्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 30 जनवरी कों प्रार्थी अपने घर मे खाना पीना खाकर आराम कर रहा था और प्रार्थी का पिता साखा राम गोड़ अपने भाई रविनाथ के घर खाना खाने के लिए गया हुआ था बाद में प्रार्थी का पिता वापस अपने घर आकर खटिया मे सो रहा था, रात मे प्रार्थी का चाचा रविनाथ घर के दरवाजे कों धक्का मारकर खोला और घर मे घुसकर प्रार्थी के पिता पर टंगिया से प्राणघातक वार कर दिया जिससे मौके पर ही प्रार्थी के पिता की मृत्यु हो गई, जो प्रार्थी के देखने पर आरोपी मौके से टंगिया लेकर फरार हो गया। विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम रविनाथ गोड़ आत्मज स्व. बोधन राम गोड़ उम्र 60 वर्ष साकिन कुदर थाना लुन्ड्रा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर जमीन बटवारा की बात कों लेकर वाद विवाद होने पर आवेश मे आकर टंगिया से प्राणघातक वार कर हत्या कारित किया जाना स्वीकार किया गया, जो आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त टंगिया जप्त किया गया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

# नबालिग बालिका से जंगल में सामूहिक दुष्कर्म, तीन नबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

शहर से लगे गंझाडांड़ जंगल में 29 जनवारी की देर रात को पांच लडक़ों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 3 नाबालिग सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 1 फरवरी को प्रार्थिया कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थिया 29 फरवारी को अपने सहेली के साथ शादी समारोह में शामिल होने चेंद्रा रघुनाथपुर गई हुई थी। जो देर रात जानपहचान के एक युवक पीड़िता एवं उसकी सहेली कों घर छोडऩे की बात बोलकर बाइक से ले जा रहा था। जो बीच रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म होने की बात बोलकर अन्य लडक़ों को फोन कर बुलाया। इस दौरान पीड़िता एवं उसकी सहेली को गंझाडांड जंगल की ओर भेज दिया। कुछ देर बाद 4 लडक़े बाइक से मौके पर पहुंचे और दोनों लड़कियों के साथ जोर जबदस्ती करने लगे। इस दौरान एक लडक़ी मौके से भागने में सफल हो गई। वहीं दूसरी लडक़ी से पांचों आरोपियों




ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

इसके बाद सभी उसे वहां छोडक़र भगा गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची, लेकिन घटना की जानकारी परिजन को नहीं दी। पीड़िता घटना की जानकारी तत्काल परिजन को नहीं दी। 31 दिसंबर की शाम को पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद पीड़िता मां के साथ कोतवाली आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 376(डी) पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने 3 नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 नबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। वहीं गिरफ्तार दो आरोपियों में दीपक तिर्की पिता शोभित तिर्की उम्र 22 वर्ष निवासी लालमाटी यादवपारा, आशीष एक्का पिता अनिल एक्का उम्र 22 वर्ष निवासी लालमाटी पटेलपारा को जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 3 बाइक बरामद किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, महिला आरक्षक शांति लकड़ा, आरक्षक रुपेश महंत, अमित राजवाड़े, प्रदीप सिंह, संजय कुजूर, विजय सिंह, चित्रसेन प्रधान, अमित ज्ञान खलखो शामिल रहे।


# क्या स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रिंस जायसवाल के सामने प्रशासन व मंत्री सब नतमस्तक?


**डीपीएम पद से हटाने के बाद नए डीपीएम की पदस्थापना भी हो गई पर डीपीएम प्रिंस जायसवाल ने नहीं छोड़ा अपना पद**

**नए डीपीएम को कार्यभार ग्रहण किए हो गए 2 माह,सीएमएचओ साहब कब छूटेगा प्रिंस प्रेम...सरकारी आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां?**

**क्या स्वास्थ्य विभाग को डीपीएम प्रिंस ही चला रहे हैं या फिर जिला प्रशासन भी इनके इशारों पर चल रहा है या नए मंत्री भी उनकी गलतियों को नजरअंदाज कर रहे हैं?**

**कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के खरीदी पर होगा सवाल-जवाब पर स्वास्थ्य विभाग जवाब में देगा नहीं हुई कोई खरीदी:सूत्र**







-रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान कोरिया जिले में दवाईयों से लेकर मशीनरी खरीदी में जमकर गड़बड़ी हुई है आरटीआई में जानकारी देने से भी स्वास्थ्य विभाग को परहेज है सभी को पता है की जांच यदि हुई तो बड़ी गड़बड़ी सामने आएगी पर जांच को टालने का प्रयास है, तत्कालीन सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा के जाने के बाद लगा था कि स्वास्थ्य विभाग फिर से पटरी पर आ जाएगा पर उनके समय से ही जो स्वास्थ्य विभाग पटरी से उतरा है वह पटरी पर चढ़ पाने में नाकाम दिख रहा है, स्वास्थ्य विभाग में तत्कालीन सीएमएचओ डॉक्टर रामेश्वर शर्मा के बाद कोई सबसे चर्चित नाम था तो वह था डॉक्टर प्रिंस जायसवाल का, प्रिंस जायसवाल स्वास्थ्य विभाग में पहचान के मोहताज नहीं है इनके आगे सभी नतमस्तक हैं यह भी किसी से छुपा नहीं है। प्रिंस जायसवाल की गड़बड़ियों की लंबी चौड़ी लिस्ट है पर उस गड़बड़ी पर कार्यवाही कौन करें यह भी एक पहेली है, प्रिंस जायसवाल एक डायरी और चार पेन लेकर ऐसे मंत्रियों के सामने चलते हैं जैसे लगता है कि वह उनके ओएसडी हैं। उनकी कमियां सभी को पता है और कमियों पर पर्दा डालना इनको आता है। वैसे तो डॉक्टर प्रिंस जायसवाल एक संविदा कर्मचारी है पर किसी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से यह कम भी नहीं हो सकते जो इनके पास तजुर्बा है, इनके पास जो कमाई करके अधिकारियों को देने का तजुर्बा है वह किसी के पास नहीं है, इसी वजह से अभी तक डीपीएम पद से हटाए जाने के बाद भी अपना डीपीएम पद यह नहीं छोड़ पाए हैं और उनके आगे कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ तक नसमस्तक हैं यही वजह है इनका पद अभी तक जस का तस है। झुमका जल महोत्सव में भी इनकी जलवे देखने को मिले वही चार पेन और एक डायरी के साथ स्टेज पर ओएसडी से कम नहीं लगे। खुद तो संविदा कर्मचारी हैं पर अपनी पत्नी के नाम पर नर्सिंग कॉलेज संचालित कर रहे हैं पैसा तो इनके ऊपर चारों तरफ से बरस रहा है एनएचएम के मामले में यदि बारीकी से जांच हो जाए प्रिंस जायसवाल लंका लग सकती हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में तो इन्होंने जो चाहा वह किया और अब तो उनके रिश्तेदार ही स्वास्थ्य मंत्री हो गए हैं ऐसा उनका कहना है अब तो मेरा और कुछ नहीं हो सकता। स्वास्थ्य मंत्री का खुद को रिश्तेदार बताकर अब प्रिंस जायसवाल और ज्यादा निडर हो गए हैं और अब उनकी मनमानी भी विभाग में बढ़ गई है जिसपर कौन लगाम लगाएगा यह बड़ा प्रश्न है।



### सीएमएचओ कार्यालय हमेशा रहता है सुर्खियों में

कोरिया जिले का स्वास्थ्य महकमा खासकर सीएमएचओ ऑफिस किसी न किसी कारण से सुर्खियों में बना हुआ है। अब बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के पार्षद संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, मिशन संचालक एनआरएचएम और जिला कलेक्टर कोरिया को पत्र लिखकर कहा है कि शासन द्वारा ट्रांसफर किए डीपीएम राकेश वर्मा ने लगभग दो माह पूर्व जब सीएमएचओ ऑफिस में जॉइनिंग कर लिया है तो उन्हें डीपीएम का प्रभार क्यों नहीं दिया जा रहा है,आखिरकार सीएमएचओ डॉक्टर आरएस सेंगर का संविदा कर्मी व वर्तमान डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के प्रति मोह कम क्यों नहीं हो रहा है। पार्षद संजय जायसवाल ने बताया की 16/ 5 /2023 संचालक मिशन एनआरएचएम का पत्र क्रमांक एनएचएम/2023/160/4860 के अनुसार नई डीपीएम के रूप में राकेश वर्मा की नियुक्ति की थी। उसके बाद पुनः 3.10.2023 को मिशन संचालक एनआरएचएम ने सीएमएचओ कोरिया को पत्र लिखकर आदेश को दरकिनार कर डीपीएम प्रिंस जायसवाल को नहीं हटाने व राकेश वर्मा को ज्वाइन नहीं करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सी एम एस एच ओ ने अपने जवाब में यह लिखा था कि राकेश वर्मा ज्वाइन नहीं कर पाए हैं, पद रिक्त होने की इस वजह से डॉक्टर प्रिंस को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लेकिन अब 5.12.2023 को राकेश शर्मा ऑफिस में लिखित रूप से जॉइनिंग दे चुके हैं लेकिन इसके बाद भी दो माह व्यतीत होने पर भी राकेश वर्मा को डीपीएम का प्रकार नहीं दिया गया है। संजय जायसवाल ने आरोप लगाया है कि वर्तमान में डीपीएम प्रिंस जायसवाल सर्वेसर्वा बन कर पूरा स्वास्थ्य महकमा चला रहे हैं। अपनी शिकायत में पार्षद ने यह भी बताया की एक निजी भवन में डीपीएम पद की हनक में पत्नी के नाम से गैर कानूनी तरीके से कब्जा कर नर्सिंग कालेज अवैध रूप से चलाया जा रहा। उन्हें भय है कि यदि डीपीएम पद से हाथ धोना पड़ा तो नर्सिंग कॉलेज भी संकट में पड़ सकता है। यही वजह है कि वह डीपीएम पद से हटना नहीं चाहते हैं और पता नहीं सीएमएचओ डॉक्टर आरएस सेंगर किस मोहपाश में फंस कर डॉक्टर प्रिंस का बाल भी बांका नहीं कर पा रहे हैं। पार्षद संजय जायसवाल ने इस संबंध में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है।

### विधानसभा सत्र में भी डीपीएम स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर उठ सकते हैं सवाल

वैसे बताया जा रहा है की अब स्वास्थ्य विभाग कोरिया के डीपीएम प्रिंस जायसवाल को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान भी प्रश्न उठाया जा सकता है। बताया जा रहा है की वह कांग्रेस शासनकाल में भी स्वास्थ्य विभाग कोरिया में मनमानी करते चले आ रहे थे वहीं सत्ता परिवर्तन होने उपरांत भी उनकी मनमानी जारी है जिसको लेकर अब विधानसभा सत्र में उनको लेकर सवाल उठाने की तैयारी है। वैसे स्वास्थ्य विभाग कोरिया इतने विवादों के बाद भी प्रभारी डीपीएम के ऊपर क्यों मेहरबान है यह बड़ा सवाल है जबकि उनके कारण स्वास्थ्य विभाग की छवि लगातार खराब हो रही है।

### डीपीएम का झुमका जल महोत्सव में दिखा जलवा

डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल का झुमका जल महोत्सव में जलवा देखा गय जहां पर उनके अधिकारी माचो मंच पर नहीं दिखे वहां सिर्फ डीपीएम साहब चार पेन व एक डायरी के साथ मंच पर घूमते दिखे, जबकि लोगों के जहन में यह सवाल था कि आखिर मंच पर डीपीएम का क्या काम? चार पेन वह एक डायरी के साथ इस तरहर मंच पर घूम रहे थे जैसे लग रहा था कि वह मुख्यमंत्री के ओएसडी हो।



### गरीब, किसान, महिला और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजटः रेणुका

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने गुरुवार को संसद में पेश हुए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को विकसित भारत का बजट बताया है। रेणुका सिंह ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है उस से मातृशक्ति को बल मिलेगा। उन्होंने कहा की वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में लखपति दीदी को बढ़ावा दिया गया है। सरकार ने दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का का निर्णय लिया है। इससे महिलाओं के जीवन में बदलाव आएगा और लखपति दीदी से आत्मनिर्भरता आएगी। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, महिला और बेटियों के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जा रहा है। सरवाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अभियान शुरू करने की योजना बजट में शामिल हुई है। मिशन इंद्र धनुष के तहत टीकाकरण को बढ़ावा दिया है। 9 से 14 साल की लड़कियों को मुफ्त में टीका लगया जाएगा। आशा बहनों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है। इनकी तरक्की से ही देश आगे बढ़ेगा। इस बजट में इसका सम्मिश्रण देखने को मिलता है।

# प्रदेश में चल रही आई टी,एसीबी,ईडी की ताबड़तोड़ कार्यवाही से जिले के मिल एसोसिएसन के पदाधिकारी में हड़कंप

**पूरे 5 साल में लगभग 20 करोड रुपए जिले से उगाही करने का बड़ा आरोप लग रहा है दो राइस मिल संचालकों पर**

**दोनों राइस मिल संचालक पिछले दो दिनों से अपने दफ्तरों के दस्तावेजों को नष्ट करने का कर रहे कार्य,दोनों ने अपने दफ्तर में लगाए तालेःसूत्र**

**स्वास्थ्य मंत्री के खासम-खास बनकर इस पंचवर्षीय भी अपना धंधा और दबदबा बनाए रखने के जुगत में दिख रहे हैं दोनों राइस मिल संचालक**

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व एमडी सहित पांच पर हुई एफआईआर से कस्टम मिलिंग स्कीम में मिलर्स एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी में भी हड़कंप मच गया है मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवस एंटी करप्शन ब्यूरो के अफसर ने पूर्व एमडी सहित अन्य आरोपियों तात्कालिक जिला मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकटा, मिलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट किस कैलाश रूगटा उपाध्यक्ष पारसमल चोपड़ा और कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ अपराध पंजीबध किया गया है, एंटी करप्शन ब्यूरो के एक्शन में आते ही जिला पदाधिकारी में भी काफी दहशत व्याप्त है बताया जाता है कि कोरिया और एमसीबी जिले से दो पदाधिकारी लगभग 20 करोड़ रूपया पिछले 5 सालों में इन दोनों जिलों से वसूल कर इन सभी को भेजा है लगभग 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से राइस मिलर के गर्दन में तलवार रखकर वसूला गया है, जो राइस मिलर इसमें सहयोग नहीं करता था उसका भुगतान और उसका व्यवसाय शून्य कर दिया गया है इसके उदाहरण जिले में देखने को मिलेंगे, दोनों जिले के दोनों दलाल राइस मिलर भी हैं और संगठन के पदाधिकारी भी हैं और इन्होंने पूरे 5 साल अरबो रुपए की संपत्ति जमा की है जो जांच का विषय है, सरकार बदलते ही इन दोनों दलाल नुमा व्यापारियों ने अपना रहनुमा भी बदल लिया है अब वह इन दोनों क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के खासम खास बंन कर वसूली का कार्य प्रारंभ कर रखे हैं इनके द्वारा अभी भी पैसा वसूला जा रहा है और राइस मिलों को अभी भी लगातार इन दोनो दल्ले के द्वारा धमकाया जा रहा है।




### पूरे संभाग में सबसे बड़े हवाला कारोबारी भी बताए जाते हैं...

दलालों ने अपना पूरे संभाग में हवाला के नाम पर सबसे बड़ा नाम स्थापित कर लिया है इनके द्वारा लाखों रुपए प्रतिदिन भारत के विभिन्न बड़े शहरों में किया जाता है क्षेत्र के सभी पड़े व्यापारी जिनको हवाला से पैसा भेजना होता है इन्हीं दोनों दलालों से संपर्क करते हैं और यह लाखों रुपए प्रतिदिन देश भर के विभिन्न शहरों में भेजने का काम करते हैं उनके मोबाइल नंबर को यदि ट्रेस करें तो बहुत बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा।

### क्या कोरिया,एमसीबी में अवैध उगाहिकर और भया दोहन करने वाले मनेद्रगढ़ शहर के रहने वाले दोनों दलालों पर भी बड़ी कार्यवाही होगी?

मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा 20 रुपए प्रति क्विंटल मिलिंग का बिल समय से लाने के लिए लिया जाता था 12 रुपए प्रति क्विंटल मंत्री के नाम पर लिया जाता है 100 रुपए प्रति क्विंटल दूसरे जिले से धान लाने के नाम पर लिया जाता है पूरा काला कारनामा इन्हीं के द्वारा किया जाता है उसका करोड़ों रुपए का भुगतान रुकवा दिया जाता है, यह दोनों पूरे प्रदेश में खाद्य से संबंधित अधिकारियों के स्थानांतरण का भी ठेका लेते हैं मन मुआफिक ट्रांसफर करने के लिए लाखों लेते हैं और करवा भी देते हैं इनके द्वारा कथित रूप से करोड़ों रुपए का लेनदेन किया जाता है यही कारण है कि यह पूरे सिस्टम को अपने हिसाब से चलाते हैं, भाजपा शासन में इन दिनों लगातार भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही से लोगों में बड़ी आशा और उत्साह देखा जा रहा है शहर के बुद्धिजीवी वर्ग में इस बात की चर्चा जोर-शोर से चल रही है कि क्या कोरिया जिले और एमसीबी जिले में अवैध उगाहिकर और भया दोहन करने वाले मनेद्रगढ़ शहर के रहने वाले दोनों दलालों पर भी बड़ी कार्यवाही होगी?

### छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग स्कैम एसोसिएशन के पदाधिकारी के शिकंजे के बाद कोरिया एमसीबी के पदाधिकारी में हड़कंप,सबूत नस्ट करने में जुटे


सूत्रों की माने तो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग स्कैम में बैलेंस संगठन के पदाधिकारी के शिकंजे के बाद कोरिया और एमसीबी जिले के पदाधिकारी काफी परेशान देखे जा रहे हैं पिछले दो दिनों से यह अपने कंप्यूटर हार्ड डिक्स मोबाइल सहित कागजी दस्तावेजों को खंगालने का लगातार कार्य कर रहे है कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य स्टॉपो को भी हटा दिया गया है हर समय इन्हें अपने ऊपर कार्यवाही का डर सता रहा है सूत्रों से मिल रही सूचना के अनुसार पूर्व एमडी मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केर कट्टा मिलर संगठन के प्रेसिडेंट कैलाश रूंगटा उपाध्यक्ष पारस मल चोपड़ा और कोसा अध्यक्ष रोशन चंद्राकर को इन लोगों ने लगभग 20 करोड रुपए पहुंचाया है यह विभाजित कोरिया जिले से सभी राइस मिलों का महीना वसूल कर कथित तौर पर सभी अधिकारियों और जनप्रतिंनिधीयों को खुद अपनी गाड़ियों से पैसा धोकर पहुंचने का कार्य करते थे, यदि उनके मोबाइल नंबरों की पिछले 5 साल में इन पदाधिकारी में क्या बातें होती थी उसकी जांच की जाए तो पूरे भ्रष्टाचार का क्रमशः खुलासा हो जाएगा इन्हें इस बात का एहसास हो चला है कि उनके ऊपर के अधिकारियों पर कार्रवाई जारी है उनके ऊपर भी खतरे की घंटी बज रही है।

### दोनों दलालों ने 5 साल में अकूत संपत्ति जमा की है... एक ने लगभग 50 करोड रुपए की एक फैक्ट्री लगाई है...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों दलालों में 5 साल में अकूत संपत्ति जमा की है एक ने लगभग 50 करोड रुपए की एक फैक्ट्री लगाई है और बीएमडब्ल्यू कार में घूमता है वही दूसरे ने करीब 15 करोड़ की फैक्ट्री लगाई है और अभी एक नई फॉर्च्यूनर गाड़ी 50 लाख की खरीद के लाया है खुद राइस मिल संचालक है, कांग्रेस कार्यकाल में खाद्य मंत्री के काफी ग़रीबी बने रहे हैं और अब जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई स्थानीय मंत्री के भी काफी ग़रीबी बताए जाते हैं चूंकि पुराने राइस मिलर हैं मंत्री जी भी राइस मिल संचालन करते हैं आपसी संबंध मधुर बता कर अभी भी वही कर रहे हैं जो कांग्रेस के दौर में उगाही करते थे, शहर में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि इन दोनों ने अब स्थानीय मंत्री जी को भी अपना मुरीद बना डाला है मंत्री जी के हर कार्यक्रम में यह आगे रहते हैं सूत्र यह भी बताते हैं कि यह सभी कार्यक्रमों में पैसे फाइनेंस करते हैं और लोगों में यह चर्चा भी करते हैं कि मंत्री अपना आदमी है जैसा काम चाहिए जो काम करवाना है बताओ हम करवा देंगे, इन दोनों पर बड़ा आरोप यह भी है कि 5 सालों में लगभग 20 करोड़ रूपया उगाही कर दोनों कथित रूप से रायपुर पहुंचने का काम करते रहे हैं, स्थानीय स्तर पर स्थानीय बड़े अधिकारियों सहित जिला विपणन अधिकारी डीएम नागरिक आपूर्ति निगम खाद्य अधिकारी एसडीसी गोदाम के मैनेजर के नाम पर भी यह काफी उगाही करते हैं और राइस मिलों से दबाव बनाकर पैसा लेते हैं या सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है लोगों ने सोचा था कि सरकार बदलेगी यह दलालों का दादागिरी थमेगा लेकिन सारी बातें कोरे कागज के समान हो गई है।

# सेंट्रल बैंक में हितग्राहियों से शाखा प्रबंधक द्वारा किया जाता है अभद्र व्यवहार

## खड़गवां सेंट्रल बैंक हितग्राहियों की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है?


प्रति
श्रीमान शाखा प्रबंधक
शाखा - खड़गवां




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

खड़गवां सेंट्रल बैंक में ग्रामीणो के द्वारा आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर शाखा प्रबंधक से वाद-विवाद तो आम बात हो गई है। खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा में आए एक हितग्राही से पैसे आहरण को लेकर कल वाद विवाद हो गया और शाखा प्रबंधक ने बैंक में आएं हितग्राही को अपना खाता बंद करने की धमकी देते हुए जिद पर आड़ गये और हितग्राही के बार बार निवेदन करने के बाद भी नहीं माने तो हितग्राही ने खाता बंद करने आवेदन किया गया जिस पर बैंक में पदस्थ सहायक बैंक मैनेजर ने हितग्राही को समझा बूझाकर शांत कर राशि प्रदान किया।

खड़गवां सेंट्रल बैंक मैनेजर के द्वारा आए दिन हितग्राहीओ को परेशान और अभद्र व्यवहार किया जाना तो आम बात हो गई है। अभी कुछ दिन पूर्व खड़गवां के स्थानीय निवासीओ से जिनके खाते बैंक में है उनसे सही व्यवहार नहीं किया जाना परेशान करना इसका विरोध होने पर बैंक प्रबंधन के उच्च अधिकारियों से शिकायत किए जाने कि जानकारी होने पर शाखा प्रबंधक ने सभी स्थानीय निवासियों से आग्रह कर एक बार में शाखा में बैठकर समस्या को सुलझाने का निवेदन किया गया था जिस पर शाखा में स्थानीय निवासियों के द्वारा उपस्थित होकर शाखा प्रबंधक को उनकी कमीयों और व्यवहार से अवगत कराया गया और उपस्थित स्थानीय निवासियों ने अपने अपने सुझाव भी दिए जिस पर शाखा प्रबंधक ने सभी के समक्ष इस तरह का भविष्य में दूबारा कोई समस्या नहीं होगी ये कहा था।मगर विगत दिवस फिर वही हाल है शाखा प्रबंधक का बैंक आए हितग्राही से पैसे आहरण को लेकर एक बार फिर वाद विवाद हो गया और शाखा प्रबंधक ने हितग्राही को खाता बंद करने की धमकी दी और हितग्राही ने खाता बंद करने का आवेदन भी किया इस तरह खड़गवां सेंट्रल बैंक में आए दिन कुछ ना कुछ वाद विवाद तो आम बात हो गई है।

### हम तुम्हारे नौकर हैं क्या ?

खड़गवां बैंक मैनेजर तो हितग्राही पर इतने गुस्से में भडक कर बोलते हैं कि हम तुम्हारे नौकर है नहीं है। क्या सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने खड़गवां म सेंट्रल बैंक की शाखा खोला कर शाखा प्रबंधक की पदस्थापना कर रखी है वो सिर्फ हितग्राहियों से अभद्र व्यवहार कर उन्हें धमकी दे कर हितग्राहियों को खाता बंद करने के लिए पदस्थ किया है ? खड़गवां सेंट्रल बैंक में मैनेजर के सही व्यवहार नहीं होने के कारण पहले भी कई खाते बंद हो गये है? जिससे हितग्राहियों में काफी रोष दिखाई दे रहा है । इस तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खड़गवां की व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित है। बैंक के हितग्राही शिकायत करे भी तो किससे कौन है इनका सुनने वाला जिससे ये हितग्राही शिकायत कर सके? इस संबंध में खड़गवां सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक से जानकारी के लिए मोबाइल से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने ने मोबाइल व्यवस्था मोड़ में रखा था।

# स्कूली विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थाओं में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेने किया भ्रमण

-संवाददाता-
कोरबा,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।




राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार कोरबा जिले में सभी विकासखंड में संचालित शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा श्री अजीत बसंत के द्वारा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिपेट छुरीकला कोरबा एवं सीएसईबी पावर प्लांट में मशीनों का भ्रमण कराया गया जहां पर छात्र-छात्राओं को मशीनों की कार्य विधि एवं उपयोगिता का ज्ञान प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के लगभग 250 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए कलेक्टर श्री वसंत ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि शासन की इस पहल से विद्यालयीन छात्रों को महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थाओं में संचालित गतिविधियों के साथ वैज्ञानिक आविष्कारों की जानकारी मिलेगी। उन्हें किताबी ज्ञान के साथ ही मौके पर मशीनों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का ज्ञान भी मिलेगा। कलेक्टर ने भ्रमण में जाने वाले विद्यार्थियों से कहा कि संस्थाओं में भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों से अपनी उत्सुकताओं का अवश्य निराकरण किया जाना चाहिए और भविष्य में वैज्ञानिक आविष्कार के क्षेत्र में जाने के विषय में सोच-विचार भी किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज, एडीपीओ समग्र शिक्षा के जी भारद्वाज एवं डीएमसी मनोज पांडे एवं जिला बाल विज्ञान प्रभारी डॉक्टर श्रीमती फरहाना अली ,श्री कामता जायसवाल एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कटघोरा विधायक प्रेमचंद की उपस्थिति में 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

-संवाददाता-
कोरबा,01 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित बेसबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आज विधायक कटघोरा प्रेमचन्द्र पटेल की उपस्थिति में समापन हुआ। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री श्याम सुंदर सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज,क्रीड़ा अधिकारी दीनू पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि,विभागीय अधिकारी, विभिन्न प्रांतो से आए प्रतिभागी एवं उनके कोच उपस्थित थे।

विधायक श्री पटेल ने समापन समारोह में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की जीवन में खेल का बहुत महत्व है। इससे हमारी शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। श्री पटेल ने खिलाड़ियों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में दो ही पहलु होते है हार या जीत। परन्तु यहां हमें सबसे महत्त्वपूर्ण चीज जो मिलती है वह है अवसर के साथ सीख, जो हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आप सभी को खेल के माध्यम से अपने हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका मिला है। विधायक पटेल ने कहा कि अनेकता में एकता हमारे देश की खूबसूरती है। इस प्रतियोगिता में 14 प्रांतो से आए लगभग 1000 खिलाड़ियों ने अपने हुनर का अच्छा प्रदर्शन किया। सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल में मिली हार से हमें निराश नहीं होना है, बल्कि अपने खेल में सुधार कर और बेहतर प्रदर्शन करना है। सभापति श्री श्याम सुंदर सोनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का मनुष्य जीवन से गहरा नाता है। खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे हमें टीम भावना सीखने को मिलती है। खेल में किसी टीम की जीत या हार होना स्वाभाविक है परंतु हमें उससे निराश न होकर अपने खेल में निरंतर सुधार करते हुए आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी खेल भावना, संस्कृति, आचार-विचार को आपस मे साझा करने का मौका मिलता है। सभी प्रतिभागी यहां से अपनी मधुर स्मृति साथ लेकर जाएंगे। जिससे उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।इस दौरान कटघोरा विधायक श्री पटेल सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत बालक-बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई कोरिया ने किया नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान

## मनेंद्रगढ़ विधायक साथ ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी,बैकुंठपुर विधायक भईयालाल सहित भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह का हुआ सम्मान



-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी,01 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई कोरिया के तत्वाधान में संयुक्त कोरिया जिले के नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान कार्यक्रम सह मांग सम्मेलन शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने की,कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई कोरिया के पदाधिकारियों सहित उपस्थित जिले के शिक्षकों ने अतिथियों नव निर्वाचित विधायकों का स्वागत सम्मान किया तदउपरांत शिक्षकों से संबंधित प्रमुख मांगों को अतिथियों के समक्ष जिलाध्यक्ष बिरेंद्र बहादुर तिवारी ने बड़ी शालीनता से रखने का काम किया।

पूर्व सेवाकाल की गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करना, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, पंचायत सेवाकाल में ही सविलियन पूर्व कालकलवित हुए दिवंगत संवर्ग साथियों के परिवार के आश्रित सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति की व्यवस्था, जिले में शिक्षक सदन की आवश्यकता सहित केंद्र के समान महंगाई भत्ता सहित कई अन्य मांगों का एक मांग पत्र भी संघ के प्रांतीय सह सचिव ने उपस्थित मंत्री स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण छत्तीसगढ़ शासन को सौंपा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिक्षक संवर्ग की मांगों को लेकर बेहतर सहानुभूति दिखाई वहीं उन्होंने सभी मामलों पर अपनी सहमति भी प्रदान की और मामले को विधानसभा में रखने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षक संवर्गीय संघों सहित कई अन्य कर्मचारी संघ प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया था जिन्होंने उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट किए।

### जिले में एक शिक्षक सदन की मांग भी उन्होंने की

स्वास्थ्य मंत्री ने शिक्षकों को दिया एक मूलमंत्र,उन्होंने मांगों को लेकर भी दिया निश्चित आश्वासन-शिक्षकों के द्वारा आयोजित नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के स्वागत सम्मान सह मांग प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम में पहुंचे मनेंद्रगढ़ विधायक साथ ही छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षकों के स्वागत से मैं अत्यंत उत्साहित हूं, उन्होंने शिक्षकों को एक मूलमंत्र देते हुए कहा की शिक्षकों को अपने जीवन में संतुष्टि का भाव लाना चाहिए जिसके बाद उनके जैसा जीवन किसी और का नहीं हो सकता यह सत्य है। उन्होंने यह भी कहा की संतुष्टि अपनी जगह भविष्य की सुरक्षा के लिए शिक्षकों की मांग भी निश्चित रूप से जायज है। उन्होंने शिक्षकों के द्वारा पूर्व सेवाकाल की गणना वाली मांग पर यह कहते हुए सहमति प्रदान की की यह मांग जायज है,वह अपनी तरफ से पूरी आवाज कैबिनेट में उठाएंगे और मांग पूरी हो सके वह प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा की शिक्षकों ने सम्मान के साथ मांगपत्र भी सौंपा है कई मांगे हैं जिनमे से सभी पर उनकी तरफ से पूरा सार्थक प्रयास किया जायेगा।

### कोरिया जिले में नालंदा परिसर का प्रस्ताव लाया जा रहा है

उन्होंने शिक्षक सदन की मांग पर कहा की बैकुंठपुर विधायक के साथ उनकी चर्चा हुई है, जिले में एक नालंदा परिसर का प्रस्ताव लाया जा रहा है और जिसमे खेल कूद, कोचिंग, पुस्तकालय, सभाकक्ष सहित कई सुविधाएं मिल सकेंगी जो लगभग 10 करोड़ की लागत की परियोजना होगी जिसकी घोषणा होगी। उन्होंने कहा नालंदा परिसर जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी यह हमारा प्रयास होगा।

### विलंब से पहुंची भरतपुर सोनहत विधायक का स्वागत विश्राम गृह में संपन्न हुआ,मांगपत्र पर भी उन्होंने अपनी तरफ से प्रयास की बात कही

कोरिया जिले में आयोजित छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में संयुक्त कोरिया जिले के तीनों नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान किया जाना था,भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यस्ततम कार्यक्रम की वजह से विलंब से पहुंच सकीं जिसके बाद उनका स्वागत सम्मान विश्राम गृह में संपन्न हो सका। सर्वप्रथम उन्हे गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हे ज्ञापन देते हुए प्रांतीय सह सचिव,जिला सचिव, जिला उपाध्यक्ष द्वय ने बताया की कई मांगे शिक्षक संवर्ग की हैं जिनकी पूर्ति आवश्यक है। भरतपुर सोनहत विधायक ने पूर्व सेवाकाल की गणना, सहायक शिक्षक वेतन विसंगति मामले को विधानसभा में सदन के समक्ष रखने की बात कही वहीं उन्होंने दिवंगत पंचायत संवर्गीय शिक्षकों के परिवार के आश्रित सदस्यों के अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होंने शिक्षक सदन की मांग को जायज बताते हुए यह आश्वासन दिया की यह मांग वह जैसे भी होगा पूरा करेंगी। उपस्थित संघ पदाधिकारियों ने उन्हे स्मृति चिन्ह भेंटकर विदा किया।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे उपस्थित

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई कोरिया द्वारा आयोजित नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान सह मांग पत्र सौंपने के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल,बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े,नगर पालिका अध्यक्ष नमिता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,भाजपा उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,वरिष्ठ भाजपा नेताओं में जवाहर लाल गुप्ता, पंकज गुप्ता,सुभाष साहू,अरुणोदय पाण्डेय,रामप्रताप सिंह,अनिल जायसवाल,संदीप दुबे,भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, सहायक संचालक विनय मोहन भट्ट,विकास खंड शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर देवेश जायसवाल,विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत,अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से राजेंद्र सिंह,शंकर सुवन मिश्रा, शिक्षक कांग्रेस से गजानन तिवारी, सहायक शिक्षक फेडरेशन से विश्वास भगत, अजाकश से डॉक्टर नायक, लघु वेतन कर्मचारी संघ से ब्रह्मानंद, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी रंजय सिंह, प्रह्लाद सिंह, अशोक लाल कुर्रे,जिलाध्यक्ष एमसीबी उदय प्रताप सिंह, कोरिया जिलाध्यक्ष विरेंद्र बहादुर सिंह तिवारी,सचिव महेश शिवहरे, उपाध्यक्ष रमेश नामदेव, सुशील जायसवाल, महिला इकाई प्रांतीय पदाधिकारी स्वाति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अंजना सिंह जिला पदाधिकारी नीतू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह, सुरेंद्र सिंह,राकेश सिंह गुड्डन, अभय तिवारी, गौरव त्रिपाठी, अनिल दिवेदी, सुजीत साहू, प्रमोद पाण्डेय, ईश्वर साहू, प्रदीप तिवारी, सहित भारी संख्या में शिक्षक शिखिकाएं शामिल रहे।

### एमसीबी जिलाध्यक्ष ने कहा सहायक शिक्षक के वेतन विसंगति को दूर किया जाए

कार्यक्रम में एमसीबी जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी अपना उद्बोधन सीमित शब्दों में दिया,उन्होंने पूर्व सेवाकाल की गणना को सभी मांगों के बीच एक मांग में समाहित सभी मांग निरूपित करते हुए कहा की यह एक मात्र मांग ऐसी है जिससे शिक्षक संवर्ग को कई लाभ स्वमेव प्राप्त हो जायेंगे। उन्होंने सहायक शिक्षक वेतन विसंगति मामले को भी उल्लेखित करते हुए कहा की प्राथमिक शिक्षक की भूमिका अन्य सभी शिक्षकों से महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके वेतन में अन्य शिक्षक वर्ग के वेतन से ज्यादा ही फर्क है जिसे दूर करना चाहिए जिससे नींव तैयार करने की जिम्मेदारी निभा रहे प्राथमिक शिक्षकों को भी उनका वाजिब हक मिल सके।

### प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा यह आयोजन निश्चित रूप से संवर्ग हित में एक पहल साबित होगा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सरगुजा संभाग प्रभारी एवम प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा की यह आयोजन जो नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम है यह संवर्ग हित में एक पहल साबित होगा। नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि निश्चित रूप से आज शिक्षकों की व्यथा का आभास करेंगे और वह उनके बेहतर भविष्य के लिए अपने स्तर का प्रयास निश्चित करेंगे। उन्होंने आयोजक इकाई को इस आयोजन के लिए साधुवाद भी प्रदान किया।

### जिलाध्यक्ष कोरिया ने अतिथियों को बताई शिक्षकों की पीड़ा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई कोरिया के जिलाध्यक्ष बिरेंद्र बहादुर सिंह तिवारी ने उपस्थित अतिथियों का सम्मान करने उपरांत शिक्षकों की व्यथा से उन्हे अवगत कराया। उन्होंने बताया किस तरह पूर्व सेवाकाल की गणना शिक्षकों के हित के लिए आवश्यक है,क्यों सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करनी आवश्यक है,उन्होंने दिवंगत पंचायत संवर्गीय शिक्षकों के परिजनों को परिवार के आश्रित सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए इसकी भी मांग की, उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन साथ ही बैकुंठपुर विधायक से यह भी आग्रह किया की केंद्र के समान महंगाई भत्ता भी घोषणा अनुसार वह दिलाने का प्रयास करें उन्होंने यह कहकर अपना उद्बोधन समाप्त किया की आपने ही बनाया है आप ही सवारंगे,उन्होंने ऐसा कहकर यह संदेश दिया की वर्ष 2018 में संविलीयन की सौगात भी भाजपा सरकार की देन थी और अब पूर्व सेवाकाल की गणना सहित अन्य मांग पूरा कर वह शिक्षकों का जीवन सवारें।

**आवश्यक सूचना**

आम जनता को इस सूचना के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि मेरी ए0 एन0 एम0 नर्सिंग सर्टिफिकेट्स, प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 11428, वर्ष 2012-13, द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 17173 वर्ष 2013-14, जिसे मैंनें छ0ग0 नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर से उत्तीर्ण किया है, की मूल प्रतियां कहीं गूम हो गयी है। यदि उक्त प्रमाण पत्र किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होता है तो वे मुझे निम्न पतें पर कृपया भेजनें की कृपा करें।

**कु0 सीमा विश्वास**
पिता श्री नित्यानंद विश्वास,
ग्राम कसकेला, पो0 करवां,
थाना जयनगर जिला सूरजपुर, छ0ग0
मो0 नं0-7803890788

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम माखन लाल अग्रवाल (MAKHAN LAL AGRWAL) पिता श्री रामगोपाल अग्रवाल (RAMGOPAL AGRAWAL) अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम माखन लाल गर्ग (MAKHAN LAL GARG), पिता-श्री रामगोपाल अग्रवाल (RAMGOPAL AGRAWAL), निवासी-मकान न0 125, गुरूनानक वॉड, अंधेरी बगीचा पश्चिम, अम्बिकापुर सरगुजा 497001 (छ0ग0) (HOUSE NO-125 GURUNANAK WARD, ANDHERI BAGEECHA PASHCHIM, AMBIKAPUR-497001 SURGUJA CHHATTISGARH ) रख लिया हूँ। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम माखन लाल गर्ग (MAKHAN LAL GARG), पिता-श्री रामगोपाल अग्रवाल (RAMGOPAL AGRAWAL) से जाना एवं पहचाना जाय।

**शपथ कर्ता**
नाम-माखन लाल गर्ग
(MAKHAN LAL GARG)
पता-मकान नं0 125, गुरूनानक वॉड, अंधेरी बगीचा पश्चिम,
अम्बिकापुर सरगुजा 497001 छ0ग0

# भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज

## इंग्लैंड के 'बैजबॉल' के खिलाफ भारत को करना होगा रणनीति में बदलाव



**विशाखापट्टनम,01 फरवरी 2024।** पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड की बेखौफ 'बैजबॉल' शैली का सामना करने के लिये बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। उसके बाद रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दोचार होना पड़ा था जब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम हालांकि अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिये इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिये हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी 'बैजबॉल' शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी आक्रमण को बखूबी झेला जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से चार विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने तथा रनों पर रोक लगाने के नये तरीके तलाशने होंगे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच मे मिली हार के बाद कहा था ,'' यह जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो।''

उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। ओली पोप ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उम्मीद है कि अगले मैच में हम रणनीति पर बेहतर अमल करेंगे और वह कोई गलती करेगा।'' जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं और यह देखना होगा कि भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बायें हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नये स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया।

गिल को रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे। दूसरी ओर इंग्लैंड के पास 2 . 0 से बढत बनाने का सुनहरा मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश करते हुए अपने संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल किया। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिये चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है।युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं।

मैकुलम ने सेन रेडियो से कहा कि, पहले टेस्ट की तरह की पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं।'' पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

**टीमें**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर,केएस भरत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

## इंग्लैंड ने प्लेइंग 11 में किए दो बदलाव

### शोएब बशीर करेंगे टेस्ट डेब्यू

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। शुक्रवार यानी 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की टीम में 2 बदलाव हुए हैं। हैदराबाद टेस्ट की तरह टीम ने एक बार फिर से 3 स्पिनर्स और 1 तेज गेंदबाज के साथ उतरने का फैसला किया है। चोटिल जैक लीच की जगह शोएब बशीर को टेस्ट डेब्यू का मौका मिलेगा। इसके अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन लेंगे।

इंग्लैंड की टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है। हैदराबाद टेस्ट में शुरुआत में पिछड़ने के बाद इंग्लिश टीम ने शानदार शुरुआत की थी। ओली पोप की बेहतरीन पारी और स्पिनर टॉम हार्टले की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से मात दी। विशाखापट्टनम टेस्ट की बात करें तो जैक लीच के बाहर होने से इंग्लैंड का स्पिन आक्रमण कमजोर दिख रहा है। रेहान अहमद के पास 2 टेस्ट का अनुभव है, टॉम हार्टले महज 1 टेस्ट खेले हैं। वहीं शोएब बशीर अपना डेब्यू करेंगे। इसके अलावा जो रूट भी एक विकल्प हैं।

### भारत के सामने बड़ी मुश्किल

वहीं दूसरी तरफ पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत की परेशानी खिलाड़ियों की चोट ने बढ़ा दी है। विराट कोहली निजी कारणों से दूसरे टेस्ट से भी बाहर रहेंगे। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में बल्लेबाजी अनुभवहीन हो गई है। रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को ही डेब्यू का मौका मिलेगा। इसके अलावा कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से भी किसी एक को ही चुना जाएगा।

## दूसरे टेस्ट में रजत पाटीदार को मिल सकता है टीम में मौका,

कहा कोहली भाई की बल्लेबाजी से सीखने की कोशिश करता रहता हूँ
इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत के लिये पदार्पण की दहलीज पर खड़े मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा है कि वह विराट कोहली को देखकर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का प्रयास कर रहे हैं। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को लगी चोट के कारण 30 वर्ष के पाटीदार को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू सर्किट में मध्यप्रदेश के लिये काफी रन बनाये हैं।

## आरपी सिंह मेमोरियल सीनियर्स वुमन लीग कम नॉकआउट आधार एनएसएस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से

**चंडीगढ़,01 फरवरी 2024।** प्रथम स्वर्गीय आर. पी. सिंह मेमोरियल सीनियर्स वुमन लीग कम नॉकआउट आधार एनएसएस ट्रॉफी के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से आईवीसीए क्रिकेट ग्राउंड, डेराबस्सी में शुरू होगा।

आयोजन सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार एनएसएस ट्रॉफी के लिए इस प्रतिष्ठित प्रथम स्वर्गीय आरपी सिंह मेमोरियल सीनियर्स महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में ट्राई सिटी, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल की कुल 6 या 8 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम 40 ओवरों के साथ सुपर सब पैटर्न (12 खिलाड़ियों की अनुमति) के साथ न्यूनतम 4 मैच खेलेगी। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 45 ओवर का होगा।सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार भाग लेने वाली 6 या 8 टीमों को 2 पूल में विभाजित किया गया है और प्रत्येक टीम 40 ओवर के न्यूनतम चार लीग मैच खेलेगी। प्रत्येक पूल की शीर्ष 2 टीमें सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और दोनों सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल 45 ओवर के होंगे जबकि लीग मैच 40 ओवर के होंगे।



आयोजक अच्छी गुणवत्ता वाली सफेद मैच बॉल, अच्छा जलपान/लंच बॉक्स और मिनरल वाटर उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक एमओएम पुरस्कार और टूर्नामेंट के 6 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ट्रॉफी और आकर्षक उपहार, क्रिक हीरो पर ऑनलाइन स्कोरिंग, बीसीसीआई/राज्य पैनल अंपायर और अच्छे मीडिया कवरेज से सम्मानित किया जाएगा। सभी मैच बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक खेले जाएंगे।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024

## महाराष्ट्र ने ओवरऑल चैंपियनशिप बरकरार रखी

## वृत्ति अग्रवाल ने 5 स्वर्ण पदक जीते

**चेन्नई,01 फरवरी 2024।** यहां के एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीतकर खेल का समापन किया, जबकि महाराष्ट्र ने एक और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ समग्र चैंपियनशिप ट्रॉफी बरकरार रखी। पदकों में शीर्ष स्थान पहले से ही सुनिश्चित होने के साथ तैराक ऋषभ दास ने पहले लड़कों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता और फिर 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में महाराष्ट्र चौकड़ी का नेतृत्व करते हुए राज्य की स्वर्ण पदक तालिका में सबसे आगे रहे। महाराष्ट्र ने 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य सहित कुल 156 पदकों के साथ अपना अभियान पूरा किया, वह मेजबान तमिलनाडु से आगे रहा, जिसने अंतिम दिन तीन स्वर्ण जोड़े, 38 स्वर्ण, 21 रजत और 39 कांस्य के साथ समाप्त किया और अपना सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया। हरियाणा पहली बार शीर्ष दो स्थानों से



बाहर हो गया और 35 स्वर्ण, 22 रजत और 46 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली (13जी, 18एस, 25बी) अपने बेहतर रजत और कांस्य पदक की बदौलत राजस्थान (13जी, 17एस, 17बी) से आगे रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन केवल फुटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस और तैराकी पदक दांव पर होने के कारण सभी की निगाहें एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स की कार्रवाई पर थीं, यह देखने के लिए कि कौन सा तैराक खेलों का सबसे सफल एथलीट होने का दावा पेश करेगा।

वृत्ति ने अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पांच स्वर्ण पदक जीतकर ऑल-विन रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने बुधवार को पहली बार 2:22.89 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीता, और दूसरे स्थान पर रहीं कर्नाटक की रितिका महेश बैंगलोर से लगभग चार सेकंड आगे रहीं। 17 वर्षीय वृत्ति ने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, फिर 17:59.51 सेकेंड के समय के साथ 1500 मीटर फ्रीस्टाइल का ताज हासिल करने के लिए वापस आई। कर्नाटक की अदिति मुले (18:12.77 सेकेंड) और श्री चरणी तुमु (18:17.85 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।



## आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

**ब्लोमफोंटेन,01 फरवरी 2024।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रूप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1 . 06) और भारत (प्लस 3 . 32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है।

भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाये हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बायें हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिये हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान सहारन, विकेटकीपर बल्लेबाज अरावल्ली अवनीश , आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढा होगा। बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है।

नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाये जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने पांच विकेट लिये थे।

**टीमें**

**भारत:** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**नेपाल :** देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

## एफआईएच प्रो लीग 2024 के लिए भारत के स्क्वॉयड का ऐलान

**भुवनेश्वर,01 फरवरी 2024।** 10 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिए भारतीय 24 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान हो गया है। वहीं हरमनप्रीत सिंह को भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। बता दें कि, भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेंगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी



और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे।गोलकीपिंग का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे।

फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।




## फिल्म भक्षक का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पिछले काफी समय से फिल्म भक्षक को लेकर सुर्खियों में हैं। भले ही उनकी पिछली फिल्मों को दर्शकों ने नकार दिया हो, लेकिन हमेशा की तरह भूमि अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहीं।अब वह फिल्म भक्षक के साथ दर्शकों के बीच हाजिर होने वाली हैं, जो अपने टीजर रिलीज के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है।अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

इस फिल्म में भूमि एक तेज-तर्रार खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जो बच्चियों के साथ हो रही खौफनाक हरकत की एक सच्ची कहानी दर्शकों के बीच लेकर आने वाली हैं।ट्रेलर में भूमि उर्फ वैशाली सिंह शेल्टर होम में बच्चियों संग हो रहीं घिनौनी घटनाओं से पर्दा उठाती दिख रही हैं। फिल्म में शेल्टर होम में बच्चियों के साथ होने वाले रेप कांड को दिखाया गया है।भूमि के साथ-साथ अभिनेता संजय मिश्रा का अभिनय भी देखने लायक है।भक्षक का निर्माण शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ है। इसमें आदित्य श्रीवास्तव और साई तम्हणकर की भी अहम भूमिकाएं हैं।फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है। वह कहते हैं, भक्षक के माध्यम से हमारा उद्देश्य समाज की कठोर वास्तविकताओं को दिखाना है। बदलाव लाने वाली बातचीत को बढ़ावा देना है। मैं इसमें और अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद कर रहा हूं। फिल्म 9 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर आ रही है।

## आकांक्षा पुरी ने ब्लू बिकनी में शेयर की स्टनिंग तस्वीरें,फैंस हुए मंत्रमुग्ध

आकांक्षा पुरी भले ही किसी फिल्म का हिस्सा ना बनी हों लेकिन सोशल मीडिया पर वो बवाल काटती रहती हैं। इस वक्त उनका एक पोस्ट सामने आया है जो कि आपको हैरान करने के लिए काफी है। वायरल हो रही इन तस्वीरों में आप उनका अंदाज देखकर हैरान होने वाले हैं।सिर्फ ब्रा और पैंटी में आकांक्षा पुरी ने पूल की सीढ़ियों में खड़े होकर तापमान में इजाफा किया है। जाहिर है कि उनका सेक्सी फिगर देखकर आप हैरान होने वाले हैं। जो भी उनको एक नजर देख रहा है वो वहीं रुक रहा है। आकांक्षा ने एक के बाद एक ढेरों तस्वीरें पोस्ट की हैं और उनको देखकर लोग हैरान हैं। गौरतलब है कि आकांक्षा पुरी इस ने अपनी सेक्सी अदाओं से लोगों को दिलों को जीत लिया है। इन तस्वीरों के साथ आकांक्षा ने कैप्शन लिखा है,स्पलैश स्पलैश। इसके बाद लोग लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा है, कोई प्लीज फायर ब्रिगेड बुलाओ। एक ने लिखा, वाह क्या सीन है यार। एक ने लिखा, हॉटी है। एक ने लिखा, इसने भी औकात दिखा दी। एक का कहना था, बहुत खूब। मैं अपने मन को नियंत्रित नहीं कर सकता। मेरा दिमाग घूम रहा है। एक ने लिखा, बेहद सेक्सी मुझे 2008 की याद दिलाती है। इस तरह से लोग लगातार रिएक्शन दे रहे हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर आकांक्षा ने किसी तरह का कोई जवाब नहीं दिया है। बिग बॉस ओटीटी में टास्क के दौरान आकांक्षा ने जाद हदीद के साथ 30 सेकेंड तक दोनों ने लिपलॉक किया था और इस किसिंग वीडियो ने बवाल काट दिया था। सलमान खान ने बाद में दोनों को लताड़ लगाई थी। बिग बॉस हाउस के सफरल की बात करें तो जद हदीद आकांक्षा पुरी पर पहले दिन से ही काफी फिदा थे। जब से आकांक्षा ने पलक पुरसवानी के साथ घर में एंटर किया था, जद अपना पूरा ध्यान आकांक्षा पर लुटा रहे थे। फिलहाल आप देखिए ये तस्वीरें जो कि अभी वायरल हो रही हैं.।





## तुम्हारा आशीर्वाद लक्ष्मण पर हमेशा बना रहे...

### .अनिल कपूर ने जैकी श्रॉफ के दी जन्मदिन पर लिखा खास मैसेज

जैकी श्रॉफ आज अपना 67 वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका असली नाम जयकिशन काकुभाई श्रॉफ है लेकिन लोग उन्हें प्यार से जग्गू दादा भी कहते हैं । इस नाम के पीछे भी एक खास वजह है । दरअसल एक्टर का जन्म गरीब परिवार में हुआ था जो चॉल में रहता था ।ऐसे में उनका ये नाम चॉल में ही पड़ा और आज भी लोग उन्हें इसी नाम से बुलाते है। जन्मदिन के इस मौके पर जग्गू दादा को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं। फैंस से लेकर फिल्मी सितारें अपने फेवरेट स्टार को बर्थडे विश कर रहे हैं। ऐसे में अब जैकी के जिगरी यार अनिल कपूर ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जैकी श्रॉफ संग अपनी पुरानी फोटोज का कोलाज शेयर करते हुए। एक खास मैसेज भी लिखा है, जन्मदिन मुबारक हो राम। तुम्हारा आशीर्वाद तुम्हारे लक्ष्मण पर हमेशा बना रहे बहुत फूलो फलो और खुश रहो। जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई भाई। अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ के भाईचारे के किस्से बड़े पर्दे पर जबरदस्त हिट रहे हैं। इस जोड़ी ने राम लखन , परिंदा, रूप की रानी चोरों का राजा और 1942 ए लव स्टोरी जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। ये जोड़ी बॉलीवुड की सुपरहिट जोड़ियों में शुमार है। दोनों स्टार्स ने न सिर्फ एक साथ 12 फिल्मों में साथ काम किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिल कपूर ने अपने अजीज दोस्त के लिए फिल्म 'परिंदा' के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा से फीस को लेकर साफ-साफ कहा था कि वह जैकी को उतनी ही फीस देंगे जो वह उन्हें दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव के ओएसडी बने विपुल कुमार गुप्ता



**राज्य शासन ने जारी किया आदेश**

**रायपुर,01 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विपुल कुमार गुप्ता को उपमुख्यमंत्री अरूण साव के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। आज मंत्रालय महानदी भवन से इस आशय के आदेश जारी किए गए। बता दें कि, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विपुल कुमार गुप्ता,बिलासपुर में संयुक्त कलेक्टर का पद संभाल रहे थे।

### सरकार ने की सभी जिलों के लिए प्रभारी सचिवों की नियुक्ति

**सुब्रत साहू को दुर्ग तो निहारिका को रायपुर की जिम्मेदारी**

**रायपुर,01 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों के लिए प्रभारी सचिवों की नियुक्ति की है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग,निहारिका बारिक को रायपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा रेणु जी पिल्ले को धमतरी और मनोज कुमार को बिलासपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

### 7 आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन किया गया

**रायपुर,01 फरवरी 2024(ए)।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 7 अधिकारियों का पदोन्नति आदेश जारी किया है। जारी आदेश में दंतेवाड़ा, जशपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बीजापुर और नारायणपुर में नए जिला पंचायत सीईओ की नियुक्ति की गई है।

# मुख्यमंत्री ने अंतरिम बजट को बताया ऐतिहासिक

## आर्थिक विकास को मिलेगी गति,बड़े पैमाने पर निर्मित होंगे रोजगार के अवसर

» देश के समावेशी विकास का बजट : मुख्यमंत्री

» गरीबों,महिलाओं,युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित



**रायपुर,01 फ रवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संसद में प्रस्तुत केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का आह्वान किया है। इसे साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। देश की जनता के देखा है कि हमारी केंद्र सरकार ने इन 10 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास और जन-जन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ गरीबों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। एक करोड़ 40 लाख युवाओं को रोजगार मूलक कार्यों की ट्रेनिंग दी गई है। इस अवधि में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है इसी का परिणाम है कि इन वर्षों में भारतीयों की औसत वास्तविक आय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूतीः सीएम**

मुख्यमंत्री साय ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को जो गारंटी दी है उन्हें पूरा करने की दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है। इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट देश के समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने वाला साबित होगा। बजट में विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए विशेष पहल की गई है। यह बजट देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को और अधिक तेज करेगा और सामाजिक न्याय, ग्रामीणों की आय में वृद्धि तथा सबका साथ सबके विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा। बजट में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स और इंपोर्ट ड्यूटी के रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राज्यों के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रविधान इस बजट में किया गया है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

**युवाओं को स्टार्टअप में एक साल की छूट**

सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि विदेशी निवेश भी सकारात्मक रूप से बढ़ा है। स्टार्टअप में एक साल के लिए टैक्स की छूट देने का निर्णय युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा। बजट में रूफटाप सोलर परियोजना के तहत एक करोड़ सोलर पैनल यूजर्स को 300 यूनिट निश्शुल्क बिजली, किराए के घरों, झुग्गी बस्तियों और चाल में रहने वाले मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष आवास योजना के साथ ही बजट में अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दो करोड़ नए घरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल करने और विभिन्न फसलों में नैनो-डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रावधान अंतरिम बजट में किया गया है। सर्वाइकल कैंसर पर रोक के लिए अब 9-14 साल की लड़कियों का वैक्सीनेशन प्रारंभ किया जाएगा।

### पीएम मत्स्य संपदा योजना से बढ़ेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार करने का प्रविधान किया गया है। इससे 55 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह 5 इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क स्थापित करने का प्रावधान भी अंतरिम बजट में किया गया है। केन्द्र द्वारा अगले 10 वर्षों में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ में रायपुर के अलावा जगदलपुर और बिलासपुर में एयरपोर्ट कार्यशील हैं । शीघ्र ही अन्य एयरपोर्ट भी क्रियाशील होंगें।

# संप्रेक्षण गृह से भागे आधा दर्जन

## खतरनाक अपराधी बच्चे अब तक फरार

**रायपुर,01 फरवरी 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित माना बाल संप्रेक्षण गृह से आधा दर्जन बाल अपचारी फरार हो गए हैं। ये बच्चे खिड़की तोड़कर भागे हैं। बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षाकर्मी तैनात थे लेकिन उन्हें बच्चों के भागने की कोई भनक नहीं लगी और वे सुरक्षा गार्ड की आंखों में धूल झोंक कर भागने में सफल हो गए।




बाल सुधार गृह से इतनी बड़ी संख्या में बाल अपचारियों के फरार होने के बाद खलबली मच गई। बताया जाता है कि बाल सुधार गृह से फरार बाल अपचारियों में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी भी शामिल हैं। इंचार्ज ने दो दिनों तक फरार बाल अपराधियों की छानबीन की लेकिन नहीं मिले। जिसके बाद इसकी रिपोर्ट पुलिस में की गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार बाल आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

माना थाने में दर्ज फरार बाल अपराधियों की शिकायत के अनुसार सड्डू में मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपी समेत आधा दर्जन बाल अपराधी जो बाल गृह की खिड़की तोड़कर भाग निकले। इसमें टिकरापारा के तीन, सड्डू के एक और कुरूद का एक बाल अपराधी शामिल है। सभी बाल अपराधियों की तलाश में पोलइ जुटी हुई है।

नाइट इंचार्ज पर हमला कर फरार हुए थे बाल अपराधी कुछ महीने पहले (दिसंबर 2023) में माना बाल संप्रेक्षण गृह में बंद बाल अपराधियों ने नाइट इंचार्ज पर हमला कर गमछे से गला घोटने का प्रयास किया और फरार हो गए थे। घटना में नाइट इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गया था. वहीं मामले में पुलिस ने बाल अपराधियों को कुछ ही दिनों में गिरफ्तार कर लिया था।

# 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद

**बोरियों में भरकर ले जा रहा था रायपुर**

**महासमुंद,01 फ रवरी 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ पुलिस अलर्ट मोड में है जिसके तहत प्रदेशभर में वाहनों की सघन जांच के लिए जगह-जगह बैरिकेट्स लगाए हैं जहां पर वाहनों की जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान वाहन में मिल रहे संदिग्ध सामानों के साथ वाहन को भी जब्त कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में महासमुंद जिला पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान नकली नोटों का जखीरा बरामद करने में बड़ी सफलता मिली है।



महासमुंद पुलिस ने नकली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफास करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस 3 करोड़ 80 लाख का नकली नोट भी बरामद कर लिया है। मुखबिर के सूचना पर सरायपाली पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाकर नकली नोटों से भरा पिकअप वाहन को जप्त किया । साड़ी के आड़ में छुपाकर तीन करोड़ 80 लाख नकली नोटों को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13एयू4670 में भरकर एक युवक सारंगढ़ से रायपुर की ओर ले जा रहा था. पुलिस ने पिकअप में भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किया है । सभी नकली नोट पांच-पांच सौ के हैं. आरोपी की पहचान अरुण सिदार (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जांच के बाद और भी तथ्य सामने आ सकते हैं. आरोपियों की संख्या और भी बढ़ सकती है । महासमुंद पुलिस अधीक्षक इस मामले में जल्द खुलासा करेंगे । इसको लेकर सरायपाली पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# प्रदेश में हर जिले में वृद्धाश्रम क्यों नहीं...? हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**बिलासपुर,01 फ रवरी 2024 (ए)।** हाई कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका को लेकर केंद्र और राज्य सरकार से पूछा गया है कि बुजुर्गों के भरण पोषण और कल्याण के लिए प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रम का संचालन क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि कानून में इसका प्रावधान किया गया है।हाईकोर्ट बिलासपुर में संयुक्त ग्राम महिला संगठन, बिलासपुर की अध्यक्ष विद्या केडिया ने एडवोकेट संजय कुमार अग्रवाल के माध्यम से एक जनहित याचिका पेश की है। जिसमें बताया गया है कि देश में जरूरतमंद बुजुर्गों के भरण पोषण और कल्याण के लिए केंद्र शासन ने वर्ष 2007 में एक कानून बनाया है। इसके अनुसार हर राज्य को यह निर्देश दिया गया कि उसे प्रत्येक जिले में एक वृद्धाश्रम की स्थापना करना है, जिसमें कम से कम 150 बुजुर्ग रह सकें। इस संबंध में संसद में यह बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में केवल 6 आश्रम ही चल रहे हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की डिवीजन बेंच में इस पर सुनवाई हुई।



**कोर्ट ने दिखाई गंभीरता**

याचिका की सुनवाई के दौरान मुद्दे को गंभीर बताते हुए कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव, सचिव, समाज कल्याण, संचालक, समाज कल्याण और केंद्र शासन के सामाजिक न्याय विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। इसकी अगली सुनवाई फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में होगी।

### नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई होगी और तेज : मुख्यमंत्री

**रायपुर,01 फ रवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलियों के खिलाफ जल्द ही सुरक्षा बल अपने ऑपरेशन और तेज करेगा। नक्सल क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों की कमर तोड़ने में लगे हुए हैं और नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई काफी मजबूत हुई है। प्रदेश से नक्सलवाद जरुर खत्म होगा।



उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद हाईलेवल की बैठक लेते हुए कही है। सीएम साय ने कहा कि बैठक में ये तय हुआ कि सुरक्षा कैम्प के आसपास लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा, नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज हो रहे हैं। लगातार फोर्स आ रहे हैं, कैम्प स्थापित हो रहे हैं। पिछली सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ गम्भीरता से लड़ाई नहीं लड़ी। बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व उनके करीबियों के ठिकाने पर दूसरे दिन भी चली आईटी की कार्रवाई

**अंबिकापुर,01 फरवरी 2024(ए)।** प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के कई ठिकानों पर आईटी के छापे की कार्रवाई दूसरे दिन भी चली। इसके अलावा उनके करीबी उनके पीए रहे राजेश वर्मा व करीबी एसआई रुपेश नारंग से भी पूछताछ चलती रही। सूत्रों के अनुसार पहले दिन पीए से 17 लाख रुपए व ज्वेलरी बरामद की गई थी, जबकि एसआई के घर से भी लाखों रुपए बरामद करने की खबर है। दूसरे दिन पूर्व मंत्री के करीबी इंजीनियर को भी उठा लिया। टीम उससे भी पूर्व मंत्री की बेनामी संपत्तियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।





गौरतलब है कि आयकर विभाग द्वारा पूर्व मंत्री अमरजीत भगत व उनके करीबियों से दूसरे दिन पूछताछ की गई। बुधवार की देर रात एसआई रुपेश नारंग को रायपुर से अंबिकापुर उनके पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास पर टीम लेकर आई। सूत्रों के अनुसार एसआई के घर से टीम ने लाखों रुपए बरामद किए हैं। वहीं बुधवार की रात ही पूर्व मंत्री के करीबी इंजीनियर प्रमोद टोप्पो को नवापारा स्थित उनके निवास स्थल से टीम अपने साथ ले गई। टीम द्वारा इंजीनियर को पूर्व मंत्री अमरजीत के बंगले पर लाकर दिनभर पूछताछ की गई। सूत्रों के हवाले से यह खबर है कि पूर्व मंत्री अमरजीत की कई बेनामी संपत्तियां इंजीनियर के नाम से दर्ज हैं। आयकर की टीम इसी संबंध में उससे पूछताछ कर रही है।

# दुष्कर्म मामले में पहली बार मिली आजीवन कारावास




**अब कोर्ट ने 3 लोगों को सुनाई उम्रकैद की सजा**

**बलौदा बाजार,01 फ रवरी 2024 (ए)।** नाबालिग की दुष्कर्म और हत्या मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय प्रशांत पाराशर,अपर जिला सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सो एक्ट बलौदा बाजार के द्वारा अपचारी बालक, बुधराबाई, और मुकेश उर्फ जगमोहन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस दौरान आरोपित को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया। मालूम हो कि पूरा मामला थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाजार के अंतर्गत ग्राम पौसरी का है।

**पड़ोसी के घर खेलने गई थी बच्ची**

समीर अग्रवाल लोक अभियोजक जिला और सत्र न्यायालय बलौदा बाजार ने बताया कि पौसरी गांव की निवासी एक अनुसूचित जाति की सात वर्षीय नाबालिग 26 मई 2021 को अपने गांव में पड़ोसी के घर खेलने के लिए गई, लेकिन वह अपने घर पर शाम तक नहीं आई, जिसके बाद उसके माता-पिता ने खोजबीन शुरू की फिर भी वह नहीं मिली।

**दुष्कर्म कर की गई थी हत्या**

वहीं,बच्ची का का शव दूसरे दिन गांव में लक्ष्मी नारायण वर्मा के बड़ी में स्थित कुआं में मिला। शव को बाहर निकाल कर देखा गया तो उसके दाहिने पैर में नीला रंग का प्लास्टिक रस्सी बंधा हुआ था। नाक से खून निकल रहा था। शव को देखने से प्रतीत हो रहा था कि बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है।

**29 गवाहों ने दिया बयान**

इस मामले में पाया गया कि आपराधिक प्रवृत्ति के बालक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और अपनी मां के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। बाद में उसने अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर उसके शव को कुएं में फेंक दिया। इस मामले में अपराध पंजीकृत कर विवेचना अधिकारी महेश कुमार ध्रुव निरीक्षक एवं सुभाष दास एसडीओ पुलिस द्वारा विवेचना के पश्चात न्यायालय में अपचारी बालक और जगमोहन और बुधरा भाई के खिलाफ अभियोग पत्र पेश किया। अभियोजन के द्वारा न्यायालय के समक्ष 29 गवाहों का बयान दर्ज कराया गया।

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइटों में होंगे अपलोड

**रायपुर,01 फ रवरी 2024 (ए)।** संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइटों में अपलोड होंगे। छत्तीसगढ़ व्यापंम द्वारा संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन 04 फरवरी 2024 को किया जायेगा।नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने इस आशय का पत्र जारी किया है। जारी पत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, चिप्स स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन रायपुर, आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय छत्तीसगढ़ और अपर संचालक कृषि संचालनालय इन्द्रावती भवन को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र अपने विभागीय वेबसाईट में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए लिंक में भी अपलोड करने के लिए अनुरोध किया है, ताकि परीक्षार्थी उक्त लिंक से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

# सुकमा मुठभेड़ के पीछे नक्सली कमांडर देवा का हाथ

**रायपुर,01 फ रवरी 2024 (ए)।** दो दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया गया था। अब पुलिस को संदेह है कि नक्सली देवा संभवतः समूह का नेतृत्व कर रहा था। नक्सली देवा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में डाकूओं की सबसे मजबूत सैन्य संरचना बटालियन नंबर 1 का कमांडर था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, तथाकथित पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पी एल जीए) बटालियन नं. 1 देवा की दक्षिण बस्तर में कई घातक हमलों में अहम भूमिका रही है।





**कौन है नक्सली देवा**

हालिया मुठभेड़ों के बाद बरामद नक्सली दस्तावेजों से पता चला है कि नक्सली नेता हिडमा को प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति में पदोन्नत किया गया था और देवा उर्फ बरसे सुक्का, जो दरभा डिवीजन कमेटी के सचिव थे, को बटालियन नंबर 1 का कमांडर बनाया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिडमा और देवा दोनों सुकमा-बीजापुर सीमा पर स्थित एक ही गांव पुवर्ती के रहने वाले हैं।

**टेकलगुडेम गांव के पास हुई थी मुठभेड़**

बता दें कि मंगलवार को टेकलगुडेम गांव के पास हुए मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन जवान मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि इन हमलों के दौरान नक्सली नेता हिडमा मौजूद नहीं था, लेकिन देवा संभवत- वहां मौजूद था। पुवराती तेकालगुडेम से 6-7 किमी दूर है जहां मंगलवार को मुठभेड़ हुई थी।आईजी सुंदरराज ने कहा, पिछले दो महीनों में सुकमा और बीजापुर जिलों में नक्सलियों के मुख्य इलाकों में सुरक्षाकर्मियों के 12 नए कैंप (प्रत्येक जिले में छह कैंप) स्थापित किए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लगभग चार घंटे तक चली इस मुठभेड़ में कम से कम 7-8 नक्सली मारे गए और 15-16 नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गए। हमारे जवानों का मनोबल ऊंचा है और अधिक तीव्रता के साथ ऑपरेशन जारी रहेंगे।

### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगी सरकारी नौकरीःछत्तीसगढ़ पुलिस

**राजनांदगांव,01 फरवरी 2024 (ए)।** प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए नक्सलवाद को खत्म करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से आत्म समर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास योजना संचालित की गई है। जिसके तहत आत्मसमर्पित नक्सिलयों को शासकीय योजनाओं का लाभ एवं योग्यतानुसार सरकारी नौकरी देकर उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। नक्सलियों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पुलिस प्रशासन ने मुहिम चला रही है ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)